सूर्योदय 6:10 सूर्यास्त 6:08
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम -27.6
न्यूनतम - 23.8

**अनमोल वचन**
वक्त से लड़कर जो नसीब बदल दे,
इंसान वही, जो अपनी तकदीर बदल दे,
कल क्या होगा, कभी ना सोचे क्या पता
कल वक्त खुद अपनी तस्वीर ही बदल दे।

50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र   पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)   डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24   मूल्य 2/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in   संस्थापक : उत्तम चन्द्र शर्मा (M. 9837042840) (M. 9412710840)   सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-50 | अंक-268 | बुधवार 28 सितम्बर, 2022 | आश्विन, शुक्ल पक्ष, तृतीया, सम्वत् 2079 | पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**
बीजेपी चाहती है कि यात्रा का बंटवारा हो जाए : राहुल गांधी



उनकी नज़र आपकी यात्रा पर नहीं.. पार्टी पर है....

# मिल गयी शहर के सीमा विस्तार को मंजूरी

## ➲योगी कैबिनेट ने दी हरी झंडी: अब 11 गांव बने शहर पालिका का हिस्सा ➲शहर से सटे गांव और आसपास की कॉलोनियां हुई शहर का हिस्सा ➲आबादी तीन लाख 67 हजार 133 से बढ़कर होगी पांच लाख बीस हजार छह सौ

मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर ( बु. )। करीब दो दशक की जद्दोजेहद के बाद आखिर राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल की मेहनत रंग लाई और मुजफ्फरनगर पालिका के सीमा विस्तार को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल गई। इसके साथ ही अब शहर के आसपास 14 गांवों में 11 पूरी तौर पर और तीन गांवों और मुजफ्फरनगर बाहर हदूद के आंशिक हिस्से शहर पालिका का हिस्सा हो जाएंगे। शासन की मंजूरी के बाद अब सीमा विस्तार के साथ आसपास के गांवों के लोग भी खुद को शहरी कह सकेंगे। इसके अलावा शहर से सटी वे कॉलोनियां जो शहर होते हुए भी गांव के दर्जे में आती थीं, अब शहरी सीमा का हिस्सा होंगी। इससे वहां विकास के रास्ते खुलेंगे। नगर पालिका की मौजूदा आबादी तीन लाख 67 हजार 133 से बढ़कर पांच लाख बीस हजार छह सौ हो जाएगी।

कई बार नगर विकास विभाग में अटकने और संशोधित होकर पुनः भेजे जाने के बाद अंततः मुजफ्फरनगर पालिका के विस्तार के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दे दी गई। प्रदेश के कौशल विकास राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने मुजफ्फरनगर पालिका के सीमा विस्तार के लिए जिला प्रशासन

शेष : पृष्ठ ४ पर

## कपिलदेव ने दिया मुख्यमंत्री को धन्यवाद, बोले: 'महापालिका के लिए भी दावा होगा मजबूत'



मुजफ्फरनगर, 27 सितंबर ( बु. )। सीमा विस्तार के लिए अपने कार्यकाल से ही जुटे राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने प्रस्ताव को मंजूरी के बाद मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा है कि इससे लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने के साथ शहर से सटे इलाकों के विकास का रास्ता भी साफ हो जाएगा। शहर के सीमा विस्तार की मांग भले दो दशक पुरानी हो और इसके लिए स्व.चितरंजन स्वरूप के समय में भी काफी प्रयास किए गए हों, लेकिन मौजूदा विस्तार के लिए राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने अपने चेयरमैन कॉल से ही काफी प्रयास किए। मंत्री बनने के बाद तो उन्होंने शहर से लखनऊ तक अपनी ताकत का पूरा इस्तेमाल किया और प्रशासन व नगर विकास विभाग के बीच तालमेल बनाते हुए पहले गए प्रस्तावों की त्रुटियों को दूर कराकर उन्हें नगर विकास विभाग को भिजवाया और वहां पैरोकारी करते हुए कैबिनेट तक भिजवाने में बड़ी भूमिका अदा की। इसी का नतीजा सीमा विस्तार की मांग पूरी होने के साथ सामने आया। राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि विस्तार के बाद मुजफ्फरनगर के आसपास की कॉलोनियों और 14 ग्रामीण इलाकों के विस्तार का रास्ता साफ होगा। उन्होंने नगर वासियों को भी इसके लिए बधाई देते हुए कहा इन इलाकों के ग्राम प्रधानों को निराश नहीं होना चाहिए उन्हें पालिका में बड़ी भूमिका की तैयारी करनी चाहिए। कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि सीमा विस्तार के बाद अब नगर निगम के लिए भी शहर का दावा मजबूत रहेगा।

## सपा से भाजपा तक आते-आते विस्तार से हट गए आधा दर्जन गांव

मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)। सपा शासन से भाजपा राज तक नगर पालिका के प्रस्तावित विस्तार में आधा दर्जन गांव विस्तार की सूची से बाहर हो गए। पूर्व राज्यमंत्री स्व. चितरंजन स्वरुप ने पालिका को नगर निगम बनाने के प्रयासों में नगर के आसपास के क्षेत्र के साथ बाईपास की सीमा पर स्थित करीब 21 गांवों के प्रधानों-सचिवों से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया था, लेकिन जब पत्रावली शासन को भेजी, तभी साम्प्रदायिक दंगा हो गया था। ऐसे में शासन स्तर पर कोई निर्णय ही नहीं लिया गया। इसके बाद भी कई प्रयास किए गए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पायी। अब विस्तार की पत्रावली दो बार शासन को भेजी गई, जिसमें पहली बार लगी आपत्ति के बाद दूसरी बार संशोधित प्रस्ताव नगर विकास विभाग को भेजा गया था।




## शहर का हिस्सा बन गए अब यह गांव

मुजफ्फरनगर, 27 सितंबर ( बु. )। नगर पालिका के सीमा विस्तार के लिए जिस प्रस्ताव को मंजूरी मिली है, उसमें 14 गांवों के रकबे को इसमें शामिल किया गया है। यह सभी इलाके बाइपास की सीमा के अंदर आते हैं। सीमा विस्तार जो गांव पूरी तरह से शहर पालिका का हिस्सा बन जाएंगे, उनमें सरवट, सूजड़ू, वहलना, मीरापुर, मंधेडा, खांजापुर, सहावली, कूकड़ा, अलमासपुर, बीबीपुर, शेरनगर पूरी तरह से नगर पालिका सीमा में शामिल हो गए हैं। इसके अलावा मुस्तफाबाद, बिलासपुर और शेरनगर का कुछ भाग जो बाईपास से शहर की ओर हैं, को नगर पालिका में शामिल किया गया है। इसमें इन गांवों का आबादी वाला हिस्सा नहीं है, लेकिन शहर के आसपास बन रही कुछ कॉलोनियां इसमें आ जाती हैं। इनके अलावा मुजफ्फरनगर बाहर हदूद नाम से राजस्व खातों में दर्ज बड़े इलाके के कुछ भाग को छोड़कर अधिकांश को इसमें शामिल कर लिया गया है। इसमें काली नदी के पार का पांच सौ मीटर तथा इस पार का तीन सौ मीटर क्षेत्र विस्तृत नगर पालिका का हिस्सा होगा।

## गोकुल सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों का कोतवाली में हंगामा

मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर ( बु. )। गोकुल सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मंगलवार को नई मंडी कोतवाली में हंगामा करते हुए बताया कि भोपा रोड पर इवान हॉस्पिटल के सामने एक व्यक्ति फर्जी तरीके से गौशाला चला रहा है। आरोप है कि वह बेसहारा गोवंश को पकड़कर अपनी गौशाला में ले जाता है और उन्हें गलत स्थानों पर भेज देता है। कई बार उसके खिलाफ शिकायत हो चुकी है, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। ट्रस्ट के पदाधिकारियों अनमोल, अनिल, अमन और रवि ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## दिल्ली में यमुना का कोप, लोहे वाले पुल से वाहनों व ट्रेनों का आवागमन बंद

नई दिल्ली, 27 सितंबर ( वार्ता )। राजधानी में यमुना का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। इस वजह से पुराने लोहे वाले पुल के पास यमुना का जल स्तर खतरे के निशान से एक मीटर अधिक 206.34 मीटर के स्तर पर पहुंच गया है। मंगलवार देर रात को यह 206.50 मीटर के स्तर को पार कर जाएगा। इस वजह से पुराने लोहे वाले पुल को बंद कर दिया गया है। लिहाजा, इस पुल से वाहनों व ट्रेनों का आवागमन ठप हो गया है। रेलगाडियों को नई दिल्ली स्टेशन पर ले जाया जा रहा है। वहीं यमुना बाजार और इसके आसपास की कालोनियों की घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है। इससे यमुना के आसपास रहने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गई है। दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश के बाद इस साल जलस्तर में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि पूर्वी दिल्ली के जिलाधिकारी अनिल बंका ने कहा कि जलस्तर के 206 मीटर के स्तर को पार करने के बाद मंगलवार सुबह लोगों को निकालने के लिए अलर्ट जारी किया गया। नदी के तटवर्ती निचले इलाकों को खाली कराया जा रहा है और लोगों को ऊंचाई वाले स्थानों पर भेजा जा रहा है। सरकारी स्कूलों और आसपास के इलाकों में रैन बसेरों में उनके ठहरने की व्यवस्था की गई है।

## इतिहास का हिस्सा हो जाएंगे, 11 ग्राम प्रधान और बढ़ेंगे पालिका के वार्ड

मुजफ्फरनगर, 27 सितंबर (बु.)। नव गठित पालिका में 11 गांवों को पूरी तरह शामिल किए जाने के बाद इन गांवों के प्रधान पद का अस्तित्व खत्म हो जाएगा और यह प्रधान पद इतिहास का हिस्सा होंगे। पालिका में पहले 32 वार्ड होते थे। इसके बाद इन्हें बढ़ाकर 45 कर दिया गया था। विगत चुनाव के समय हुए परिसीमन में इनकी तादाद बढ़कर 50 हो गई थी। अब शहर पालिका क्षेत्र में करीब एक लाख 63 हजार की आबादी बढ़ने के बाद अस्सी हजार से अधिक वोटर भी बढ़ेंगे। इसके बाद माना जा रहा है कि एक दर्जन से अधिक नए वार्ड सृजित किए जाएंगे।

## सीमा विस्तार पर ग्राम प्रधानों और पूर्व विधायक की आपत्तियां दरकिनार

मुजफ्फरनगर, 27 सितंबर ( बु. )। नगर पालिका परिषद के सीमा विस्तार करने को लेकर शुरू हुई शासन की अधिसूचना पालिका से सटी ग्राम पंचायतों के एक दर्जन ग्राम प्रधानों ने डीएम कार्यालय पहुंच कर आपत्ति दर्ज करायी थी। बाकी चिंता तो अलग लेकिन उन्हें सबसे बड़ी पीड़ा अपनी प्रधानी हमेशा के लिए छिन जाने को लेकर थी। इसके अलावा पूर्व विधायक मिथलेश पाल ने भी इस पर आपत्ति दी थी। इन आपत्तियों को खारिज कर दिया गया है। विस्तार में शामिल ग्रामों के प्रधानों ने प्रक्रिया को गांवों के हितों के विपरीत बताते हुए आपत्ति दर्ज करायी थी। उनका कहना था कि नगर पालिका परिषद् का होने वाला सीमा विस्तार गांव के लोगों के लिए मानसिक व आर्थिक रूप से गंभीर पीड़ा वाला है। सीमा विस्तार में शहरी क्षेत्र के शिवचौक से 10 किमी से अधिक दूरी तक किसानों को हरी-भरी फसल, धान, चारा और गन्ना समेत अन्य फसलें बोते हैं। सीमा विस्तार होने से खेती खत्म होगी और नगर के आसपास की हरियाली नष्ट होने से अनेक चुनौती बनेगी। साथ ही उक्त ग्रामवासी अपनी खेती करने से वंचित हो जाएंगे। ग्राम प्रधानों ने इस बात पर भी आपत्ति दर्ज कराई थी कि इस सीमा विस्तार में नगरीय क्षेत्र से बिल्कुल सटे हुए गांव मिमलाना, न्याजुपुरा, नसीरपुर, बझेडी आदि को छोड़ दिया गया है, जबकि करीब 10 किमी तक की दूरी के गांव एवं वहलना व मीरापुर आदि को सीमा विस्तार में शामिल करने का कोई कानूनी औचित्य नहीं है। आपत्ति देने वाले ग्राम प्रधान वहलना गुलाब सिंह, ग्राम प्रधान सुजडू मौ. महताब, ग्राम प्रधान अलमासपुर पूनम देवी, ग्राम प्रधान कूकड़ा मेहरद्दीन, ग्राम प्रधान बीबीपुर राजेश, ग्राम प्रधान सरवट सतीश बालियान, ग्राम प्रधान खांजापुर पूजा देवी शामिल थे। इसके अलावा पूर्व विधायक मिथलेश पाल ने बामनहेड़ी गांव को भी सीमा विस्तार में शामिल करने की मांग की थी। उक्त सभी आपत्तियों को खारिज करते हुए पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव के आधार पर ही सीमा विस्तार को स्वीकृति दी गई है।

## एक लाख 63 हजार बढ़ेगी शहर की आबादी

मुजफ्फरनगर, 27 सितंबर (बु.)। नई व्यवस्था के तहत शहर की 2011 की जनगणना के हिसाब से मौजूदा आबादी 3 लाख 67 हजार 133 में एक लाख 63 हजार का इजाफा होगा। सीमा विस्तार के बाद यह जनसंख्या बढ़कर करीब 5 लाख 21 हजार हो जाएगी। माना जा रहा है कि जितनी जनसंख्या बढ़ेगी उसके करीब आधे वोट भी बढ़ेंगे। ऐसे में विगत चुनाव में शहर पालिका में करीब 2 लाख 60 हजार वोटरों ने चेयरमैन और 50 सभासदों का चुनाव किया था। अनुमान है कि सीमा विस्तार के बाद शहर में करीब 80 हजार नए मतदाता जुड़ जाएंगे। ऐसे में यहां करीब साढ़े तीन लाख मतदाताओं पर शहर की नई पालिका के चुनाव का जिम्मा होगा।

# शहर से पीएफआई सदस्य समेत पांच एटीएस ने उठाए




मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर ( बु. )। जनपद में कई जगहों पर एटीएस ने छापेमारी की है। शहर कोतवाली पुलिस ने एटीएस के साथ मिलकर पीएफआइ के एक सदस्य सहित 5 लोगों को हिरासत में ले लिया। इनमें एसडीपीआई जिलाध्यक्ष शकील सुलेमान भी शामिल है। इंटेलीजेंस के इनपुट पर गिरफ्तारी किये जाने की बात सामने आई। पुलिस ने सभी से पूछताछ कर शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया।

**पीएफआइ सदस्य अबुजर को उसके घर से उठाया**

देश में 2047 तक इस्लामिक राष्ट्र की स्थापना करने की योजना बनाने के इनपुट मिलने के विभिन्न शहरों में एटीएस तथा एनआइए छापेमारी कर पीएफआई सदस्यों की गिरफ्तारी कर रही है। मंगलवार को एक बार फिर एटीएस ने शहर में दस्तक दी। शांतिभंग होने की आशंका में एटीएस अधिकारियों ने शहर कोतवाली पुलिस को साथ लेकर कई स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान शहर कोतवाली पुलिस ने पीएफआइ सदस्य अबुजर पुत्र वसीम आलम को उसके रहमतनगर स्थित आवास से गिरफ्तार किया। शहर कोतवाली के दारोगा जयवीर सिंह के अनुसार चैकिंग व गश्त के दौरान उन्हें इंटेलीजेंस से जानकारी मिली थी कि कुछ लोग असमाजिक गतिविधियों में लिप्त हैं, जिसके चलते उन्होंने शांत व्यवस्था बनाए रखने की गरज से पीएफआइ सदस्य अबुजर को हिरासत में ले लिया। जिसके बाद उसका चालान शांतिभंग की आशंका में कर दिया गया। एटीएस अधिकारियों ने शहर कोतवाली पुलिस को साथ लेकर दिनभर कई स्थानों पर छापे मारे। इस दौरान शहर कोतवाली पुलिस के दरोगा अखिल चौधरी ने खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर एसडीपीआइ जिलाध्यक्ष शकील पुत्र सुलेमान को दारोगा वाली कोठी स्थित उसके आवास से हिरासत में लिया। पुलिस का आरोप है, कि जैसे ही शकील को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया, वहां मौजूद उसके साथी चांद मौहम्मद पुत्र आस मौहम्मद निवासी शेरपुर तथा मो. शाहवेज पुत्र रशीद निवासी दक्षिणी खालापार एवं मौहम्मद सुलेमान पुत्र हाजी हनीफनिवासी कासमपुर पठेड़ी थाना छपार ने शकील की गिरफ्तारी का विरोध किया। पुलिस के अनुसार शांति बनाए रखने के लिए शकील सहित उसके बाकी तीन साथियों को भी हिरासत में ले लिया गया। सभी का धारा-151 के तहत चालान कर दिया गया। एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि उनकी जानकारी में आया है कि मंगलवार को एटीएस शहर में पहुंची, लेकिन उन्हें गिरफ्तारी की जानकारी नहीं है। उधर रतनपुरी क्षेत्र के गांव भनवाड़ा में भी एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

## नाहिद हसन चित्रकूट जेल में शिफ्ट ?



मुजफ्फरनगर, 27 सितंबर ( बु. )। देर रात यहां जिला कारागार में बंद सपा के कैराना विधायक नाहिद हसन को चित्रकूट स्थानांतरित करने की चर्चाओं के बीच सपा नेता बेचैन रहे। शामली की कैराना सीट से विधायक नाहिद हसन ने जिला कारागार में रहते हुए ही चुनाव जीता था। अभी तक उनकी शपथ नहीं हो सकी है। आज शामली के अधिकारियों ने मुजफ्फरनगर कारागार का निरीक्षण किया था। इसके बाद चर्चा फैली कि विधायक को चित्रकूट जेल में शिफ्ट किया जा रहा है। हालांकि कोई अधिकारी इसकी पुष्टि करने को तैयार नहीं था। विधायक की बहन इकरा हसन ने कहा कि उन्हें पुलिस-प्रशासन ने कुछ नहीं बताया है।

## यूपी में नीति आयोग की तर्ज पर राज्य योजना आयोग का पुनर्गठन

लखनऊ, 27 सितंबर ( वार्ता )। योगी सरकार राज्य योजना आयोग का पुनर्गठन करेगी। नीति आयोग की तर्ज पर स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन बनाया जाएगा। इस कमीशन के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। यह कमीशन नीतियों को बनाने में थिंक टैंक के रूप में काम करेगा। मंगलवार को लखनऊ में हुई योगी कैबिनेट की बैठक में राज्य योजना आयोग के पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। 1972 के योजना आयोग के गठन को पुनर्गठन के लिए राज्य सरकार ने प्रस्ताव पास किया है। यह आयोग अब स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के रूप में जाना जाएगा। राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे।

## टायर फटने से पलटी कार, बच्ची की मौत, कई अन्य बच्चे घायल

मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)। सड़कों पर हादसों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज सवेरे शहर कोतवाली क्षेत्र में बाईपास पर काली नदी पुल पर हुए हादसे में कार सवार एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि कार सवार अन्य बच्चे घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि बागपत जनपद के छपरौली थाना क्षेत्र के गांव सिलाना निवासी सतेन्द्र के परिवार की बेटी के यहां बेटा पैदा हुआ था। परिवार के लोग दो कारों में सवार होकर छुछक देने जा रहे थे। एक कार में बच्चे सवार थे, जिसे रवि पुत्र राजवीर चला रहा था। बच्चों की कार पहली कार के पीछे थी। बाईपास पर काली नदी पुल पर पहुंचने पर बच्चे का कार का पिछला पहिया अचानक निकल गया, जिससे कार पलट गई। इस हादसे में कार में सवार आकांक्षा पुत्री शोकेन्द्र, अंकुर पुत्र वेदप्रकाश, खुशी पुत्री सुधीर एवं हिमांशी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्चों को उपचार के लिये निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने आकांक्षा को मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# अग्निवीर भर्ती के नाम पर उगाही करने वाला रैकेट पकड़ा

## ➲मेरठ में सेना का जवान गिरफ्तार, उसके कई साथियों की तलाश ➲मुजफ्फरनगर भर्ती में मैडीकल में पास कराने के नाम पर वसूली

मेरठ, 27 सितंबर ( वार्ता )। मुजफ्फरनगर में अग्निवीरों की भर्ती के बीच आर्मी इंटेलिजेंस ने इस भर्ती में अग्निवीर उम्मीदवारों से मेडिकल में पास करवाने के नाम पर पांच-पांख लाख रुपये ऐंठने की साजिश करने वाले गिरोह के सरगना सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है। मेरठ आर्मी इंटेलिजेंस ने मेरठ एसटीएफ से संपर्क कर उनके साथ एक टीम गठित कर मेरठ कैंट से नरेश को गिरफ्तार कर लिया और जब पूछताछ की गई तो पता चला कि पकड़ा गया युवक नरेश आर्मी का जवान है। वह हवलदार की पोस्ट पर पुणे में है और फिलहाल छुट्टी पर अपने घर आया हुआ है। मुजफ्फरनगर में चल रही अग्निवीर भर्ती में अभ्यर्थी से पांच लाख की



रिश्वत मांगने वाले हेड कांस्टेबल नरेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। मसौता मसूरी गाजियाबाद निवासी नरेश कुमार आर्मी में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात है। मंगलवार को एसटीएफ मेरठ ने कैंट स्थित मिलिट्री हॉस्पिटल के पास से हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार किया है। आरोपी नरेश के साथ उसके दो भाई समेत तीन लोग शामिल थे। आरोपी अभ्यर्थी से 2.50 लाख रुपये ले चुके थे। बाकी 2.50 लाख रुपये लेने के लिए आए थे। एसटीएफ ने नरेश कुमार से घंटों पूछताछ की, जिसमें उसने पहले भी इसी तरह से रुपये लेने की बात कबूल की। एएसपी एसटीएफ बृजेश सिंह के मुताबिक, 26 सितंबर 2022 को लुहारली दादरी गौतमबुद्धनगर निवासी साहिल भाटी पुलिस लाइन स्थित उनके कार्यालय में आए थे। शिकायती पत्र देकर साहिल ने बताया था कि उनका भाई प्रशांत मुजफ्फरनगर में चल रही अग्निवीर भर्ती देख रहे हैं। प्रशांत को संदीप नाम के एक युवक ने तनुज से मिलवाया। तनुज ने प्रशांत को अपने भाई नरेश कुमार का मोबाइल नंबर दिया। फोन पर प्रशांत की बात नरेश से हुई। नरेश ने खुद को आर्मी ऑफिसर बताकर अग्निवीर में भर्ती कराने के नाम पर पांच लाख रुपये मांगे। प्रशांत ने यह बात अपने भाई साहिल को बताई। दोनों भाइयों ने नरेश कुमार से बातचीत की और कैंट स्थित मिलिट्री हॉस्पिटल के पास 2.50 लाख रुपये दे दिए। मंगलवार को प्रशांत

शेष : पृष्ठ ४ पर

## अशोक गहलोत को क्लीन चिट

जयपुर, 27 सितंबर ( वार्ता )। राजस्थान में सियासी खलबली के बीच पर्यवेक्षकों ने अपनी जो रिपोर्ट सोनिया गांधी को दी थी उसमें राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को क्लीन चिट दे दी गई है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से यह बात कही जा रही है। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि जयपुर में बतौर पर्यवेक्षक गए अजय माकन और मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी जो रिपोर्ट सोनिया गांधी को दी है उसमें गहलोत को क्लीन चिट दिया गया है। इसके अलावा यह भी कहा जा रहा है कि इस रिपोर्ट में शांतिलाल धारीवाल और प्रताप सिंह खाचरियावास पर कार्रवाई की भी अनुशंसा की गई है। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि कार्रवाई की सिफारिश में धर्मेंद्र राठौड़ समेत कुछ अन्य नेताओं के भी नाम हो सकते हैं। कहा जा रहा है कि पर्यवेक्षकों ने नौ पन्नों की अपनी रिपोर्ट सोनिया गांधी को दी है। इस रिपोर्ट में पर्यवेक्षकों ने कहा कि रविवार को राजस्थान में जो राजनीतिक घटनाक्रम हुआ उसमें अशोक गहलोत की कोई भूमिका नहीं थी।

|| राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम ||

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

**शोक संदेश**



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय
**श्री यशपाल सिंह जी**
(पूर्व जिला सरकारी वकील (डीजीसी) और वरिष्ठ वकील, सर्वोच्च न्यायालय, भारत)
का **स्वर्गवास दिनांक : 17 सितम्बर 2022, दिन शनिवार**
को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। उनकी आत्मिक शांति हेतु
**तेरहवीं एवं रस्म पगड़ी दिनांक : 29 सितम्बर 2022, दिन गुरूवार** को
**स्थान : दर्पण बैंकट हॉल,** लक्ष्मण विहार, मुजफ्फरनगर पर होनी निश्चित हुई है।

**ब्रह्मभोज : सुबह 11 बजे   रस्म पगड़ी : दोपहर 1:30 बजे**

**-शोकाकुल परिवार-**
विराज सिंह (पत्नी)
चेतन्य सिद्धार्थ-संगीता चौधरी (पुत्र-पुत्रवधु)
(वकील सुप्रीम कोर्ट और सरकारी वकील)
प्रकृति पूर्णिमा (पुत्री), प्रणब सिंह-डॉ. शैला सिंह (पुत्र-पुत्रवधु)
एवं समस्त सिंह परिवार
**मोबाइल : 9810661824, 9840885807**

|| राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम ||

## मां दुर्गा की तीसरी शक्ति
## // चन्द्रघण्टा //



पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता।।

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम 'चन्द्रघण्टा' है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है।

शेष : पृष्ठ ४ पर

# अजब-गजब: पीड़ित युवक के पेट से निकली 63 चम्मच

## ➲शामली के नशा मुक्ति केन्द्र से इलाज कराकर लौटा था गांव

मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर ( बु. )। मुजफ्फरनगर में एक व्यक्ति के पेट में एक-दो या तीन नहीं, बल्कि 63 चम्मच निकलने का अनोखा ही मामला प्रकाश में आया है। शामली के नशा मुक्ति केंद्र से लौटे युवक का पेट दर्द के बाद ऑपरेशन कराया गया तो डॉक्टरों ने पेट से यह चम्मच निकाली है। फिलहाल युवक आईसीयू में भर्ती है और हालत गंभीर बनी हुई है।

मुजफ्फरनगर के मंसूरपुर क्षेत्र के बोपाड़ा गांव निवासी विजय चौहान ( 35 ) पुत्र नरेन्द्र चौहान को पूर्व में नशे की लत के चलते परिजनों ने शामली में कैराना रोड स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था। करीब पांच माह तक विजय यहां भर्ती रहा और इसके बाद युवक को परिजनों के साथ घर लौट आया। नशा मुक्ति केन्द्र में रहे विजय के भांजे अखिल चौधरी ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र से लौटते ही उसने पेट दर्द की शिकायत की थी। ऐसे हालातों में परिजनों ने मेरठ में डॉक्टरों को दिखाया, लेकिन बात नहीं बनी। उक्त मामले में पीड़ित युवक विजय ने परिवार को बताया कि उसे नशा मुक्ति केंद्र में रोजाना जबरन चम्मच खिलाई जाती थी। परिजनों ने शुरूआत में इसे हल्के में लिया। बाद में उपचार शुरू करा दिया। परिजन तीन दिन पूर्व ही पीड़ित युवक विजय को लेकर नगर के भोपा रोड स्थित ईवान हॉस्पिटल पहुंचे। यहां पर डॉक्टरों ने टेस्ट के बाद जब युवक का उपचार शुरू करते हुए ऑपरेशन किया तो उसमें पीड़ित युवक विजय के पेट से 63 चम्मच निकली है। परिजनों ने युवक के पेट में ऑपरेशन के दौरान चम्मच निकलने की पुष्टि की है।



# सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली हुई है : राकेश



शाहपुर, २७ सितम्बर (बु.)। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार किसानों को बर्बाद कर उनकी जमीन बड़े व्यापारियों को देने का कार्य करना चाहती है। उन्होंने कहा कि विद्युत समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी विद्युत विभाग के अधिकारियों से बातचीत की जाएगी। गांव गोयला में आयोजित महापंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। सरकार किसानों को बर्बाद कर उनकी जमीन बड़े व्यापारियों को देना चाहती है, किंतु किसान संगठित है, यदि सरकार ने किसान विरोधी काम किया, तो देश का किसान बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर में जिला पंचायत में विपक्षी सदस्यों को विकास कार्य हेतु निधि नहीं दी जा रही है, जो गलत है, इसका डटकर विरोध किया जाएगा और सभी सदस्यों को एक समान विकास कार्य कराने का अधिकार दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह किसी भर्ती के खिलाफ नहीं है अपितु सरकार की योजनाओं के खिलाफ हैं। जनपद में आयोजित अग्निवीर भर्ती में प्रतिदिन सैकड़ों युवाओं को दौड़ाया जा रहा है। दिन में ८ या १० का चयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार खाप पंचायतों के साथ इतिहास बदलना चाहती है, जिन लोगों ने देश की आजादी में माफी मांगी, उन्हें शहीद का दर्जा देने का काम करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एमएसपी सहित अन्य मुद्दों पर किसानों से कोई वार्ता नहीं की। सरकार ने यदि वार्ता नहीं की तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को फर्जी मुकदमों में फंसाया जा रहा है। उसके विरुद्ध भी आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने घोषणा पत्र में किसानों को मुफ्त बिजली देने का वायदा किया था, किंतु सरकार उसे निभा नहीं रही है और उसके नलकूप का भार बढ़ा रही है। इसका डटकर विरोध किया जाएगा। महापंचायत को संबोधित करते हुए गौरव टिकैत ने कहा कि किसान एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यकर्ता सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाने का कार्य करें। बत्तीसा खाप के चौधरी शोकेंद्र सिंह ने कहा कि संगठन में शक्ति होती है, सभी किसान संगठन को मजबूत करें, जिससे समस्याओं का समाधान कराया जाए। देशवाल खाप के चौधरी शरणवीर सिंह ने कहा कि किसान अपना गन्ना भसाना की मिल को नहीं देंगे। प्रशासन किसानों का गन्ना अन्य चीनी मिल को देने की व्यवस्था करें। पंचायत को मंडल अध्यक्ष नीरज राठी, जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा, तहसील अध्यक्ष अनुज बालियान, ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र बालियान, पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह, ऋषि पाल सिंह, चेयरमैन राज सिंह आर्य, अनिल चौधरी आदि ने संबोधित किया। पंचायत की अध्यक्षता बलजोर सिंह व संचालन सोनू बालियान ने किया। पंचायत में ग्राम अध्यक्ष विजय सिंह ने भाकियू प्रवक्ता को चांदी का मुकुट पहना कर सम्मानित किया।

# आईआईए के सभी क्षेत्रों से आए हजारों उद्यमियों ने कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा



मुजफ्फरनगर, २७ सितम्बर (बुस.)। एनसीआर क्षेत्र के आईआईए के सभी क्षेत्रों से आए हजारों उद्यमियों ने पीवीआर माल मेरठ में एकत्रित हो कर सीएक्यूएम द्वारा पारित काले कानून, जिसमें मुख्यतः डीजल चालित जेनरेटर को १ अक्तूबर से बंद करने के आदेश के खिलाफ एक विशाल कार रैली के रूप में अपना विरोध दर्ज कराते हुए कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, हापुड़, बुलन्दशहर, सहारनपुर, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मोदीनगर, बागपत, अलीगढ़ आदि अनेकों जिलों २०० से अधिक कारों से हजारों उद्यमियों ने इस काले कानून को तत्काल वापस लेने की अपील की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरज गोयल ने कहा ये तुकलगी फरमान लाखों श्रमिकों को बेरोजगार कर देगा। पूर्व चैप्टर अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कहा कि जेनरेटर सिर्फ बिजली जाने पर उद्योग में घंटा-आधा घंटा ही चलते हैं, ऐसे में पोल्यूशन सिर्फ इसे बैन करने से कैसे रुकेगा यक्ष प्रश्न है। मुजफ्फरनगर चेयरमैन विपुल भटनागर ने कहा कि ये भ्रम है कि सिर्फ उद्योग ही पोल्यूशन फैलाता है। इसके लिए ८५ प्रतिशत और कारण हैं। उद्योग जनित पोल्यूशन १५ प्रतिशत से भी कम है। ऐसे में सारी प्रदेश उद्योग पर लगाना शासन की मंशा के विपरीत है। प्रदेश सरकार की सोच सदैव लघु उद्योग को बढ़ाने की है पर कुछ निर्णय अधिकारी बंद कमरे में लेकर थोप देते हैं, जो अव्यवहारिक होते हैं। प्रदेश के पदाधिकारियों के अतिरिक्त विभिन्न शहरों के उद्यमियों के साथ मुजफ्फरनगर से चेयरमैन विपुल भटनागर के नेतृत्व में मनीष भाटिया, अनुज स्वरूप बंसल, नीरज केडिया, अश्वनी खंडेलवाल, पवन गोयल, आकाश बंसल, पंकज जैन, जगमोहन गोयल, अरविंद मित्तल, शमित अग्रवाल, संजीव मित्तल, कपिल मित्तल, मनोज अरोरा, सुनील अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, आचमन गोयल, नईम चाँद आदि अनेकों उद्यमी उपस्थित रहे।





# भारतीय आजादी के परवाने शहीदे आजम भगत सिंह जी का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया...

मुजफ्फरनगर, २७ सितम्बर (बुस.)। शहीद भगत सिंह सेवादल द्वारा गांधी कॉलोनी मे गांधी वाटिका स्थित भगत सिंह प्रतिमास्थल पर बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रतिमा स्थल को तिरंगे गुब्बारों व तिरंगे झंडों से भव्य रूप से सजाया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में कार्यक्रम के मुख्य अथिति भाजपा जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला व मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक एवं सदस्य भारतीय प्रेस परिषद अंकुर दुआ ने भगत सिंह जी की प्रतिमा पर मालार्पण करके पुष्प अर्पित किये। उपस्थित विशिष्ट अथिति नादर्न रेलवे बोर्ड एडवाइजरी कमेटी (भारत सरकार) सुनील सिंघल, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष रमेश खुराना, स. सुखदर्शन सिंह बेदी, प्रदीप शर्मा, श्रीमोहन तायल, कुशपुरी, अशोक बाठला, अनिल धमीजा, अजय टंडन, अशोक डोडा, प्रवीण खेड़ा, विकास पंवार, विजेंद्र गोयल, सेवादल के चेयरमैन चौ. नरेश अरोरा व उपस्थित सभी सदस्यों ने भगत सिंह की प्रतिमा पर अपने श्रदासुमन अर्पित किये। उसके पश्चात एक जन्मदिन केक मुख्य अथितिओं द्वारा काटा गया। इस अवसर पर संयुक्त रूप से बोलते हुए मुख्य अथिति विजय शुक्ला व अंकुर दुआ ने कहा कि हमे भगत सिंह जी के जीवन से देश भक्ति की प्रेरणा लेनी चाहिए तथा समाज सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। इसी अवसर पर दल के चेयरमैन चौ. नरेश अरोरा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास अरोरा ने कहा कि क्रांतिकारियों एवं युवाओं की प्रेरणा के स्रोत सरदार भगत सिंह जिन्होंने २३ वर्ष की अल्पायु में अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन प्रारंभ करने पर फांसी के फंदे को चूम लिया ऐसे राष्ट्रभक्त सरदार भगत सिंह की जन्मदिन पर हम उन्हे नमन करते हैं। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से अशोक बाठला, अजय टंडन, नरेश अरोरा, प्रिंस अनेजा, राजेश बब्बल, हन्नी सेखों, अखिल तागरा, जोगेंद्र ग्रोवर, विकास अरोरा, विवेक राज, ओम प्रकाश बजाज, प्रेमी छाबड़ा, सागर वत्स, पवन छाबड़ा, घनश्याम ढींगरा, विक्की बाठला, दिव्यजीत सिंह हन्नी, तरुण कक्कड़, संजय मालिक, मुकुल दुआ, अमित अरोरा, योगेश कालरा, अमित तनेजा, ओमी छाबड़ा, विजय गिरधर, राकेश हुडिया, नवदीप ईशपूजानी, अमित पटपटीया, कृष्ण ठकराल, नीरज मुंजाल, अजय अनेजा, केशव झाम्ब, सन्नी कपूर, राजकुमार वर्मा व गांधी कलोनी हाउसिंग कॉपरेटिव सोसाइटी का विशेष सहयोग रहा।

# पूर्व विधायक ने विद्युत विभाग के विरुद्ध खोला मोर्चा



बुढ़ाना, २७ सितम्बर (बु.)। मंगलवार के दिन बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक के नेतृत्व में सैंकड़ों भाजपाइयों ने विद्युत अधिशासी अभियंता के आफिस के बाहर प्रदर्शन कर विद्युत विभाग के जेई के खिलाफ प्रदर्शन किया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना अधिशासी अधिकारी अफिस पर भाजपाइयों ने विद्युत विभाग के खिलाफ मोर्चा खोला। यहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आरोप लगाए गए कि विद्युत विभाग के कर्मचारी जनता की समस्या सुनने में नाकाम हैं। मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक उमेश मलिक के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने यहां पर विद्युत विभाग के भ्रष्ट जेई पवन कुमार शर्मा के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए गए, तब मौके पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया गया, जिस पर विद्युत अधिशासी अभियंता अजय कुमार केम ने सभी आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि वे जेई के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। दूसरी और लापरवाही बरतने वाले जेई पवन कुमार शर्मा के खिलाफ कोतवाली में दी तहरीर दिए जाने की बात सामने आई है। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य ठाकुर रामनाथ सिंह भी उपस्थित रहे।

# छात्रों ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया



मुजफ्फरनगर, २७ सितम्बर (बुस.)। चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा घोषित सत्र २०२१-२०२२ के परीक्षाफल में एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के बी-कॉम द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा एवं सभी छात्र/छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रा ईशु वर्मा ने ७१ प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिव्यांशी वर्मा ने ६७ प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान पर नंदनी ६६ प्रतिशत अंक के साथ रहे, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल के द्वारा सभी छात्र/छात्राओं को परीक्षा में उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। सभी छात्र/छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त करने पर खुशी व्यक्त की तथा अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व अपने अध्यापकों को दिया। वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. रवि अग्रवाल ने सभी छात्र/छात्राओं के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को विद्यार्थियों व सभी शिक्षकों के कठिन परिश्रम का परिणाम बताया तथा भविष्य में भी सभी छात्र/छात्राओं को इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया तथा भविष्य मे भी छात्र/छात्राओं को सहयोग देने का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल ने सभी छात्र/छात्राओं को उनके इस प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार से नई ऊचाईयों को पाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए तथा अन्य छात्र/छात्राओं को भी इनसे प्रेरणा लेते हुए महाविद्यालय के साथ-साथ अपने अभिभावकों तथा गुरूजनों का भी नाम रोशन करना चाहिए। प्राचार्य व सभी शिक्षकों ने छात्र/छात्राओं को प्रतीक चिन्ह भेट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. नवनीत वर्मा, डॉ. नदीम, डॉ. सुरेश चन्द शुक्ला, मानसी अरोरा, प्रशान्त शर्मा, डॉ. अजय महेश्वरी, डॉ. रिंकु एस. गोयल, डॉ. अतुल वर्मा, नुपुर अरोरा, प्राची चौधरी, अमन वर्मा, अंकित धामा आदि मौजूद रहे।


सौरासिस

32 वर्षों से प्रसिद्ध देशी इलाज

• एलर्जी • सफेद दाग
• पित्ती उछलना • खाल खुजली

डा० जगदीश गर्ग

163, चौधरी चरण सिंह मार्किट (प्रथम मंजिल) महावीर चौक रोड, मुज़फ्फरनगर



★जिरयान व धात जाना ★ शीघ्र पतन
★नामर्दी व सुस्ती ★ स्वप्न दोष
★वीर्य में Sperm Count & Motility की कमी के रोगी अवश्य मिलें।

मिलने का समय : सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक

Mob.: 9410064040 रविवार अवकाश

नोट : शराब छुड़ाने की दवाई दी जाती है। रोगी को लाने व बतलाने की आवश्यकता नहीं।


## मुजफ्फरनगर मण्डी

मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:-
रसकट ढैया-1220, चाकू 3236-3400, चौरसा -3200, पपड़ी-3150

# एमएलए अनिल, कारोबारी प्रवीण और अभिनव गोयल को निमंत्रण

मुजफ्फरनगर, २७ सितंबर (बु.)। मुजफ्फरनगर बुलेटिन के ३ अक्तूबर को वहलना में होने वाले स्वर्ण जयंती समारोह के लिए रालोद विधायक अनिल कुमार, कारोबारी प्रवीण जैन (हुंडई वाले) और स्टेपिंग स्कूल के मालिक अभिनव गोयल को आमंत्रित किया गया। मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ और बुलेटिन परिवार ३ अक्तूबर को वहलना में होने वाले स्वर्ण जयंती समारोह (रंगीन संस्करण) में जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों, व्यापारियों, अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और समाज के तमाम वर्गों को आमंत्रित कर रहा है। इसी कड़ी में बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने शासकीय अधिवक्ताओं राजीव शर्मा, कमलकांत, दिनेश पुंडीर, दिनेश शर्मा, विक्रांत राठी को आमंत्रित किया। इसी कड़ी में प्रवीण जैन हुंडई वाले और स्टेपिंग स्कूल के मालिक अभिनव गोयल को आमंत्रित किया। संपादक अंकुर दुआ के पुत्र वंश दुआ और वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा ने विधायक अनिल कुमार और भाजपा नेता गौरव स्वरूप को समारोह के लिए आमंत्रित किया।



## आपका आज का राशिफल

**बुधवार, 28 सितम्बर, 2022**

**मेष**-आज दिन 11/55 बजे तक इच्छा की पूर्ति, अध्यात्म के प्रति रुचि, आहार-विहार में नवीनता, शेष समय निराशाजनक, सोचे हुए कार्य अपूर्ण, गलतफहमी के शिकार।

**वृषभ**-परिश्रम के अनुरूप सफलता, मनोभिलाषित योजना पूर्ण होने की ओर, वैवाहिक जीवन सुखद, यात्रा का प्रसंग, उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील।

**मिथुन**-चिरवांछित कार्यों के बनने से प्रसन्नता, सुसंदेश की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, रचनात्मक कृत्यों की ओर रुझान, संकल्प सिद्धि, लाभ।

**कर्क**-आज दिन 11/55 बजे तक दिनमान प्रतिकूल, अधीनस्थ सहयोगी से अभाव, वाहन से भय, शेष समय अच्छा, व्यापारिक प्रगति, उच्चाधिकारियों का सहयोग।

**सिंह**-आज दिन 11/55 बजे तक कार्यों में सफलता, शुभ विचारों का उदय, यात्रा संतोषजनक, शेष समय अशुभ, आर्थिक पक्ष से असंतोष, विरोधी प्रभावी।

**कन्या**-उन्नति का सुअवसर, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, योजना साकार होने की ओर, प्रियजनों से विचार-विमर्श, राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता।

**तुला**-नवयोजना दृष्टिगत, व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, सुख के जरूरी साधन सुलभ, आनन्द की अनुभूति।

**वृश्चिक**-आज दिन 11/55 बजे तक कठिनाइयाँ प्रभावी, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, विवाद की आशंका, हानि भी, शेष समय भाग्य के पक्ष में, प्रेम संबंधों में मधुरता।

**धनु**-आज दिन 11/55 बजे तक प्रगति का सुअवसर, निराशा का समापन, नवसम्पर्क उपयोगी, लाभ, शेष समय में ग्रहस्थिति भाग्य के विपरीत, पारिवारिक कलह।

**मकर**-अभीष्ट सिद्धि हेतु प्रयास, साझेदारी से लिया गया निर्णय हितकर, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, उत्साह में वृद्धि।

**कुम्भ**-परिस्थितियाँ भाग्य के पक्ष में, निजी पुराने विवाद का समापन, मनो-विनोद के अवसर प्राप्त, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु अधिक व्यय, आपकी सौहार्द।

**मीन**-आज दिन 11/55 बजे तक स्वास्थ्य में शिथिलता, दिनचर्या अव्यवस्थित, मित्रों से तनाव, शेष समय में निराशा का समापन, दूसरे की आश्वासनों से राहत।

**विमल जैन**, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-२/१-७६,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-२२१००२ मोबाइल ६३३५४१४७२२

# सामाजिक संस्था फ्लाई हाई के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ



मुजफ्फरनगर, २७ सितम्बर (बुस.)। आज जिला अंधता निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत एवं सामाजिक संस्था फ्लाई हाई के सहयोग से आज निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में १५० बच्चों ने कराया नेत्र परीक्षण, नगर के प्रमुख उद्यमी परिवार बिंदल पेपर द्वारा चलाई गई सामाजिक संस्था फ्लाई हाई द्वारा आज निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया, जिसमें बच्चों की आंखों का परीक्षण किया गया, जिसके बाद बच्चों को सरकार की ओर से चश्मों का वितरण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि आज के दौर में बच्चों को आंखों की विभिन्न समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। इसी के मद्देनजर सामाजिक संस्था फ्लाई हाई द्वारा आज निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा ने बताया कि आज नेत्र परीक्षण अधिकारी राजेश के सहयोग से सामाजिक संस्था फ्लाई हाई द्वारा आज निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया, जिसमें बच्चों की आंखों का परीक्षण किया गया, जिसके बाद बच्चों को सरकार की ओर से फ्री चश्मों का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंखें हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती हैं। आंखें सभी के लिए अनमोल हैं, इसलिए इनकी देखभाल बहुत जरूरी है। आखिर आंखें हैं, तो दुनिया की तमाम खूबसूरती का हमारे लिए मायने है। आंखें हमारे लिए अनमोल हैं और इसके बिना हम इस खूबसूरत दुनिया को नहीं देख सकते। हमें आंखों के स्वास्थ्य के बारे में विशेष ध्यान देने की जरूरत है और समय समय पर जांच अवश्य करानी चाहिए। उन्होंने बताया शिविर में १५० बच्चों ने आंखों की जांच करायी, जिसमें जरुरत पडने पर सरकार की ओर से बच्चों को चश्में भी वितरित किए जाएंगे। नेत्र परीक्षण अधिकारी राजेश ने बताया कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहना चाहिए। आंखों को हमेशा सुरक्षित रखें, जिस प्रकार अपने धन की सुरक्षा करते हैं, उसी प्रकार अपनी आँखों की सुरक्षा करनी चाहिए, क्योंकि बिना आंखों के जीवन में अंधेरा ही बना रहता है। वरिष्ठ सहायक श्याम बिहारी एवम रवींद्र का और वहा उपस्थित सभी टीचरों का विशेष सहयोग रहा।

# उद्योग व्यापार संगठन ने किया संपादक अंकुर दुआ का सम्मान

## -व्यापारियों ने बुलेटिन के रंगीन संस्करण के लिए दी अग्रिम बधाई

मुजफ्फरनगर, २७ सितम्बर (बु.)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन ने व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल की अगुवाई में व्यापारियों ने मंगलवार को संपादक अंकुर दुआ को सम्मानित किया। उन्होंने बुलेटिन के रंगीन संस्करण के लिए अग्रिम बधाई दी। व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल ने मंगलवार को व्यापारियों के साथ अपने आवास पर बुलाकर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ का सम्मान किया। वरिष्ठ व्यापारियों ने आशीर्वाद देते हुए अंकुर दुआ के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल ने बुलेटिन संस्थापक उत्तम चंद शर्मा की पत्रकारिता की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कई प्रसंग सुनाएं। उन्होंने कहा कि शर्मा की तरह ही अंकुर दुआ ने निडर और स्वच्छ पत्रकारिता करते हुए बुलेटिन को नए तेवर और नए रंग देने का काम किया है। व्यापारी राकेश त्यागी ने कहा कि संपादक के रूप में अंकुर दुआ ने समाज के हितों के लिए सरकार और प्रशासन से लड़ने का काम किया है। व्यापारी तरुण मित्तल और अभिलक्ष मित्तल ने बुलेटिन के रंगीन संस्करण की बधाई देते हुए कहा कि आगे भी बुलेटिन इसी तरह गरीब, पिछड़ों और व्यापारियों की लड़ाई को इसी मजबूती से लड़ता रहेगा। वरिष्ठ व्यापारी नेता सेवाराम गर्ग ने संपादक दुआ को आशीर्वाद दिया। व्यापारी बलविंदर सिंह, पवन वर्मा और शिव कुमार सिंघल ने मुजफ्फरनगर बुलेटिन के रंगीन संस्करण के लिए शुभकामनाएं दी।

# शहर रामलीला सभा में शुरू हुआ श्रीराम लीला मंचन



मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)। श्री रामलीला सभा शहर टाउनहॉल की ओर से सोमवार को जहां एक ओर श्रीगणेश की आरती के बाद ताड़का वध की लीला का मंचन किया गया। वहीं दूसरी ओर मंगलवार को इस कड़ी में लोहिया बाजार में भगवान श्रीराम-लक्ष्मण ने गुरू विश्वामित्र के साथ ताड़का वध की लीला का बड़ा सुन्दर वर्णन किया। श्री रामलीला सभा टाउन हॉल शहर रामलीला का मंचन किया गया आज की लीला में ऋषि-मुनियों ने वन में आश्रम में विघ्न डालकर परेशान करने वाली राक्षसी ताड़का का इस बीच भगवान श्री राम के हाथों वध किए जाने की लीला का बहुत सुंदर मनमोहक मंचन किया गया। ताड़का वध की लीला को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए और पूरा पंडाल ही जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद में अवतार की लीला को देखकर लोग भाव विभोर हो गए इसके बाद भगवान विश्वामित्र के साथ जनकपुर में फुलवारी लीला का मंचन में बड़े सुंदर ढंग से किया गया। आज के मुख्य अतिथि अंकुर गर्ग दीपक सेरेमिक्स, पंकज अग्रवाल पूर्व चेयरमैन ने भगवान श्रीराम की आरती व फीता काटकर शुभारंभ किया। टाउनहॉल प्रांगण में सोमवार रात्रि में श्री रामलीला सभा शहर की ओर से आयोजित रामलीला में पूजा अर्चना के साथ श्री राम लीला का मंचन किया गया। रामलीला मंचन की व्यवस्थाओं में मुख्य रूप से शिवचरण गर्ग, सतीश गर्ग, दीपक मित्तल, नीरज अग्रवाल, अनमोल सिंगल, साधुराम गर्ग, स्वदेश कौशिक, अजय गर्ग, नितिन नामदेव, राघव गुप्ता, अंजुल भूषण, अनमोल सिंघल आदि का सहयोग रहा। वहीं दूसरी ओर मंगलवार को नगर के लोहिया बाजार में श्रीराम की लीला का मंचन किया गया। इस दौरान श्रीराम द्वारा ताड़का वध का बहुत सुन्दर मंचन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से लोहिया बाजार श्री दुर्गा देवी भवन अध्यक्ष अर्चित, महामंत्री संजीव, नितिन बंसल, परीक्षित मित्तल, अजय गोयल, अमित गोयल बॉबी, शैंकी मिश्रा, मुदित मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## युवती से बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

भोपा, २७ सितम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव से युवती को बहला फुसलाकर अपहरण कर दो दिन तक बलात्कार करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेजा है। थाना भोपा प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने गत १८ सितंबर को थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था कि रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव बड़सू निवासी नदीम उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए २० सितंबर को युवती को बरामद कर लिया था, जबकि आरोपी भाग गया था। पुलिस ने युवती का मेडिकल कराकर कोर्ट में बयान दर्ज कराए, जिसमें आरोपी ने युवती के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। पुलिस चौकी प्रभारी जौली पवन कुमार ने गत सोमवार को फरार आरोपी नदीम को गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई करते हुए मंगलवार को जेल भेजा गया है।

# पटेलनगर श्री आदर्श रामलीला में हुआ भस्मासुर लीला एवं श्रीराम सहित तीनों भाइयों के जन्मोत्सव का मंचन



मुजफ्फरनगर, २७ सितम्बर (बुस.)। नवरात्र के बीच ही रामलीला का उत्साह चरम पर है। शहर में नई मण्डी स्थित पटेलनगर रामलीला में भस्मासुर सहित अन्य लीलाओं का मंचन देखकर दर्शक रोमांचित हो गये। इस बार बारिश का साया रामलीला आयोजन पर भी पड़ा, लेकिन दो दिनों से मौसम ठीक रहने के कारण रामलीला में भीड़ बढ़ी है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी अपनी धर्मपत्नी निधि चौधरी के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने सपत्नीक आरती भी की। कार्यक्रम के दौरान मनीष चौधरी ने कहा कि कोरोना काल में जनपद में सिर्फ पटेलनगर में ही रामलीला का मंचन हुआ, जो अपने आप में गौरव की बात हैं। इसके अलावा प्रदेश में अयोध्या में रामलीला का मंचन हुआ था। उन्होंने कहा कि श्री आदर्श रामलीला समिति द्वारा कोरोना काल में प्रतिदिन ४ हजार लोगों का खाना तैयार कराया जाता था और उसे विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंदों को वितरित किया जाता था, जो अपने आप में बेहद ही सराहनीय कार्य है। ज्ञातव्य है कि श्री आदर्श रामलीला कमेटी यरजिद्ध पटेलनगर द्वारा पिछले ४७ वर्षो से निरंतर श्री रामलीला का आयोजन कराया जा रहा है। बीती रात रामलीला मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी सपत्नीक, योगेन्द्र अग्रवाल जेवी स्टील, अम्बरीश जी सिल्वर स्टोन पेपर मिल, समाजसेवी सत्य प्रकाश रेशू, अग्रवाल व श्री आदर्श रामलीला कमेटी के प्रबंधक अनिल ऐरन एवं सभासद विकल्प जैन द्वारा भगवान श्री गणेश की आरती पूजन करके व दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके पश्चात श्रीआदर्श रामलीला कमैटी की ओर से आये हुए समस्त अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। श्रीरामलीला पटेल नगर में भस्मासुर सहित कई लीलाओं का मंचन किया गया। इसके साथ ही भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। पटेल नगर रामलीला में हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी के अलावा योगेंद्र अग्रवाल, अम्बरीश जी, सत्य प्रकाश रेशु, रामलीला कमेटी से प्रबंधक अनिल ऐरन, रामलीला कार्यक्रम संयोजक विकल्प जैन, गोपाल चौधरी, प्रमोद गुप्ता, सुरेंद्र संगल, जितेंद्र कुच्छल, अमित भारद्वाज, नारायण एरन, अंशुल गुप्ता, आदि मौजूद मुख्य रूप से देर रात्रि तक मौजूद रहे।

# नई मंडी में भगवान श्रीराम के जन्म पर भक्ति में झूमे श्रद्धालु



मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)। श्रीराम लीला भवन नई मंडी में चल रही रामलीला में तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रवीण गोयल अपनी पत्नी मोनिका गोयल स्वास्तिक रबड़ ने मां दुर्गा की आरती कर लीला का शुभारंभ किया। इसके बाद वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम के जन्म की सुंदर लीला का मंचन किया गया। मंचन में राजा दशरथ के पुत्र प्राप्ति न होने पर राजा दशरथ दु:खी होकर शृंगी ऋषि के आश्रम में गए तथा पुत्र प्राप्ति के लिए कामेस्टी यज्ञ कराया। यज्ञ में अग्निदेव प्रकट हुए और उन्होंने राजा दशरथ को हवी रूपी प्रसाद दिया। राजा दशरथ ने वह प्रसाद तीनों रानियों में बांट दिया, तब राजा दशरथ के 4 पुत्र पैदा हुए। श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न चारों भाइयों के जन्म पर अयोध्या नगरी में उत्सव मनाया। सारी अयोध्या को सजाया गया तथा दीपों से प्रकाशित किया। भगवान श्री राम के जन्म के मौके पर कमेटी अध्यक्ष संजय मित्तल ने बताया कि भगवान श्री राम के जन्म पर विशेष सजावट की गई है तथा भगवान श्री राम के द्वारा अपने भाइयों सहित जन्म लेने पर पंडाल में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को मिठाई व खिलौने वितरित करके, जमकर खुशियां मनाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष संजय मित्तल, मंत्री अशोक गर्ग, ब्रज गोपाल छारिया, प्रवीण कुमार, राजीव अग्रवाल, उपेंद्र मित्तल, आदित्य भरतिया, डॉ. प्रदीप जैन, अशोक कुमार तायल, अशोक अग्रवाल, कैलाशचंद गुप्ता, विनोद सिंघल, राकेश खंडेलवाल, अनिल गोयल, विकास जैन, विदित गुप्ता, विवेक गर्ग, अभिषेक कुच्छल, संजय जिंदल, कुलदीप शर्मा, मोहनलाल गर्ग, शरद गोयल, अतुल जैन आदि मौजूद रहे।


## मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी -सम्पादिका-श्रीमति पूजा दुआ
☎, (प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन-9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2022

सम्पादक की क़लम से

# कांग्रेस में खलबली

कांग्रेस में इस समय खलबली है। राजस्थान कांग्रेस में उठापटक चल रही है, इसीलिए कांग्रेस में खलबली है। कांग्रेस में उठापटक और खलबली की ख़बरों ने भारत जोड़ो यात्रा की ख़बरों को दबा दिया है। सियासी गलियारों में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या नया कांग्रेस अध्यक्ष कांग्रेस का भला कर पाएगा या परिवार के रिमोट से चलेगा? महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि अगर किसी को 'कठपुतली अध्यक्ष' बनाया जाता है तो पार्टी नहीं बच पाएगी। बीजेपी ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष चाहे गहलोत बनें या शशि थरूर, वो राहुल गांधी के हाथों की 'कठपुतली' होंगे। बीजेपी के प्रवक्ता टॉम वडक्कन ने कहा, कांग्रेस पार्टी चाहे, जो भी व्यवस्था अपना ले, चाहे गहलोत अध्यक्ष बनें या थरूर वे महज कठपुतली होंगे। पार्टी की कमान राहुल गांधी के हाथ में ही होगी, बस वह 'बैकसीट' से पार्टी चला रहे होंगे। कांग्रेस में दशकों बाद चुनाव होंगे। फ़िलहाल गहलोत ने चुनाव लड़ने की घोषणा की है और थरूर ने भी संकेत दिया है कि वह चुनाव लड़ेंगे। ऐसे में संभावना है कि 17 अक्तूबर को चुनाव होगा। ये भी हो सकता है कि बिना चुनाव ही के कोई अध्यक्ष बन जाए। जब राहुल गांधी ने कांग्रेस के अध्यक्ष पद से त्याग पत्र दिया था, तब उन्होंने कांग्रेस कार्यसमिति से कहा था कि उनकी जगह किसी ग़ैर गांधी नेता को लेनी चाहिए। तब प्रियंका गांधी ने भी अपने भाई राहुल के सुर में सुर मिलाए थे और कहा था, कांग्रेस का अध्यक्ष गांधी परिवार से बाहर का होना चाहिए। कांग्रेस के कई नेताओं ने राहुल को मनाने की कोशिश की। राहुल के अड़े रहने पर सोनिया गांधी को मनाने की कोशिशें हुई, लेकिन सोनिया ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए ज़िम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया। आज़ादी के बाद अब तक 16 लोगों ने पार्टी का नेतृत्व किया है, जिनमें से पाँच गांधी परिवार से कांग्रेस के अध्यक्ष रहे हैं। आज़ादी के बाद कांग्रेस अध्यक्ष पद का पहला चुनाव 1950 में हुआ। आचार्य कृपलानी और पुरुषोत्तम दास टंडन के बीच चुनावी मुक़ाबला हुआ। इसमें टंडन विजयी हुए। बाद में तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के साथ मतभेदों की वजह से टंडन ने इस्तीफ़ा दे दिया। फिर नेहरू ने पार्टी की कमान संभाली। उन्होंने 1951 और 1955 के बीच पार्टी प्रमुख और प्रधानमंत्री के रूप में काम किया। वर्ष 1950 के बाद कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए 47 साल तक चुनावी मुक़ाबला नहीं हुआ। 1997 में पहली बार त्रिकोणीय चुनावी मुक़ाबला हुआ। सीताराम केसरी, शरद पवार और राजेश पायलट ने चुनाव लड़ा और इसमें सीताराम केसरी विजेता बने। केसरी को 6,224 वोट मिले, तो पवार को 882 और पायलट को 354 वोट हासिल हुए थे। इस चुनाव के एक साल बाद ही कांग्रेस कार्यसमिति ने एक प्रस्ताव पारित कर केसरी को हटा दिया था और यह बहुत ही चर्चित एवं विवादित प्रकरण रहा। आज़ाद भारत में कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए तीसरी बार चुनाव 22 साल पहले 2000 में हुआ, जब सोनिया गांधी के सामने उत्तर प्रदेश के दिग्गज ब्राह्मण नेता जितेंद्र प्रसाद खड़े हुए। कभी राजीव गांधी के राजनीतिक सचिव रहे प्रसाद को हालांकि इस चुनाव में करारी हार झेलनी पड़ी और उन्हें सिर्फ़ 94 वोट हासिल हुए। सोनिया को 7,400 प्रतिनिधियों का समर्थन मिला था। वर्तमान में कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी है और वह कांग्रेस के इतिहास में सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष पद पर रहने वाली महिला नेता हैं। राजस्थान की सियासी उठापटक में कांग्रेस बुरी तरह फंसी दिख रही है। कांग्रेस आलाकमान की चुनाव से पहले राजस्थान में मुख्यमन्त्री बदलने की कोशिश उसके गले की फांस बनकर रह गई है। ऐसी अटकलें हैं कि कांग्रेस आलाकमान सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाना चाहता है। लेकिन गहलोत गुट के 90 से ज़्यादा विधायकों ने सचिन पायलट को मुख्यमन्त्री बनाने की कोशिश के ख़िलाफ़ विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी को सामूहिक त्यागपत्र सौंप दिया। इस्तीफा देने वाले विधायक सचिन पायलट को मुख्यमंत्री के तौर पर नहीं देखना चाहते। उनका कहना है कि सचिन पायलट या उनके गुट के किसी नेता को वो मुख्यमन्त्री के तौर पर नहीं देखना चाहते। कांग्रेस आलाकमान ने राजस्थान का सीएम तय करने के लिए सोनिया गांधी को अधिकृत करवाने की पेशकश के साथ दिल्ली से अजय माकन और मल्लिकार्जुन खड़गे को जयपुर भेजा, मगर वो वहाँ विधायक दल की बैठक भी नहीं करवा सके। विधायकों को मनाने में नाकाम रहे माकन और खड़गे दिल्ली लौट आए और सोनिया गांधी के साथ चर्चा की, जिन्होंने उनसे लिखित रिपोर्ट देने के लिए कहा है, लेकिन कहा जा रहा है कि गहलोत प्रकरण से कांग्रेस आलाकमान की काफी किरकिरी हो रही है। साल 2020 में सचिन पायलट ने सीएम बनाने की मांग पर जोर देने के लिए अपने समर्थक विधायकों के साथ हरियाणा में डेरा डाल दिया था। तब राहुल और प्रियंका गांधी ने उनकी कई शर्तें मानकर उनकी पार्टी में वापसी कराई थी। अब गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने की ख़बरों के बीच एक बार फिर राजस्थान की सत्ता पायलट के हाथों में जाने की चर्चा छिड़ गई है और कांग्रेस एक बार फिर असमंजस की स्थिति में आ गई है। शीर्ष नेतृत्व को गहलोत और पायलट के बीच के टकराव का पता होगा ही। ऐसे में उसने अपना होमवर्क क्यों नहीं किया? आखिर उसने ये स्थिति क्यों आने दी? उन्हें पहले दोनों को दिल्ली बुलाना चाहिए था। दोनों ओर के विधायकों से बात करनी चाहिए थी, लेकिन यहां आप खड़गे और माकन को जयपुर भेज रहे हैं। जैसे एक ज़माने में इंदिरा गांधी माखनलाल फोतेदार को भेजती थीं। कांग्रेस को समझना चाहिए वो दिन चले गए जब उसके पास ज़बरदस्त बहुमत हुआ करता था। आज तो इस पार्टी के पास 53 सांसद हैं। अशोक गहलोत और उनके समर्थक विधायकों ने जो कुछ किया वो ग़लत तो था, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व में भी परिपक्वता की कमी दिखायी दी। आलाकमान समझ रहा था कि गहलोत को पार्टी अध्यक्ष बना देंगे और पायलट को सीएम और सब चुप हो जाएंगे, लेकिन ये सोच गलत रही।

**चार तीर** -सुनील 'उत्सव'

'भेष' 'होश' 'आधार' 'दल'
विद्वानों के भेष में मूरख मिले हज़ार,
समझदार सब समझ गए समझाना बेकार।
होश अभी भी है नहीं, टूट रहा आधार,
बकबक करके कर दिया दल का बंटाधार।

## मां वैष्णो देवी मंदिर में गूंजे जयकारे

मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर के गांधी कालोनी के प्रसिद्ध मां वैष्णो देवी मंदिर प्रांगण में जहां एक ओर भोर होने के साथ ही भक्तों की मां के दर्शन और पूजा अर्चना को लंबी कतारें लग रही हैं, वहीं दूसरी ओर सायं होने के साथ ही पूरा मंदिर परिसर में रंग बिरंगी रोशनी से जगमग हो उठता है। बीते दो वर्षो तक देशभर के साथ नगर में कोरोना महामारी की तमाम बंदिशों से मिली राहत के बीच इस बार नवरात्रि में शहर के अधिकांश मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इस बीच दुर्गा मंदिरों में विशेष व्यवस्था किए जाने के साथ ही परिसर को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। ऐसे में नवरात्रि पर जहां एक ओर भोर होने के साथ शंख ध्वनि के साथ माता रानी के भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्ति गंगा में डूबा नजर आता है, वहीं रात के समय मंदिरों में महिलाओं, कन्याओं और अन्य लोगों द्वारा माता की पूर्जा अर्चना किए जाने का क्रम शुरू है। गांधी कालोनी स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं द्वारा माता की पूजा के साथ चोला चढ़ाकर चौकी सजाई गई हैं, वहीं दूसरी ओर मंदिर में भजन कीर्तन से मां का गुणगान किए जाने का क्रम जारी है। ऐसे में मंदिर में देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। गांधी कॉलोनी के मां वैष्णो देवी मंदिर में भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान सुबह की पूजा में श्रीमति व श्री सुनील चावला एवं सायंकालीन आरती में किशोर कुमार व श्री व श्रीमति गौरव बजाज द्वारा की गई। इसके अलावा सायं कालीन भजन संध्या में श्री श्री गोलोकधाम समिति संकीर्तन मंडल द्वारा मां के सुन्दर भजनों का गुणगान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रधान दर्शन लाल अनेजा, महामंत्री दिनेश सिंह पुंडीर, सुभाष अरोरा, राकेश सहगल, हरीश चड्ढा, विपिन पटेल, राकेश अरोरा, राजीव सिक्का, दलीप मलिक, प्रकाश दुआ, नरेन्द्र दुआ, हरीश मलिक, सुरेन्द्र कपूर आदि का विशेष सहयोग रहा। उधर, नई मंडी के माता राजरानी मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर श्रद्धालुओं का दूसरे दिन भी तांता लगा है। इसके अलावा रुड़की रोड के मौ. रामपुरी स्थित देवी मंदिर एवं सुभाषनगर स्थित श्रीशिव-शक्ति व शनि मंदिर में मां भगवती में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ ही नव दुर्गा के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी का पूजन संपन्न किया गया।

## धूमधाम से निकाली भगवान श्रीराम की बारात

मीरापुर, २७ सितम्बर (बु.)। मीरापुर कस्बे में भगवान श्रीराम की विशाल बारात धूमधाम से निकाली गयी। श्रीराम बारात का कस्बे में कई स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर व जलपान कराकर भव्य स्वागत किया। वहीं भगवान श्रीराम की बारात में शामिल देवगण बैण्डबाजों की धुन पर मन्त्रमुग्ध होकर नृत्य करते दिखाई दिये। श्री रामलीला समिति के तत्वाधान में आयोजित रामलीला में भगवान श्रीराम के विवाह के लिये उनकी बारात जनकपुरी पहुंची। भगवान श्री राम की बारात का शुभारम्भ अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी व पूर्व चेयरमैन जहीर कुरैशी ने पूजा–अर्चना कर व फीता काटकर किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी ने कहा कि भगवान श्रीराम की कृपा से ही हनुमान जी ने विशाल समुन्द्र लांघकर लंका पहुंचकर राक्षसों का संहार किया था। इसी प्रकार भगवान श्रीराम की भक्ति से मनुष्य को हर प्रकार के कष्टों से छुटकारा मिलकर उसका कल्याण होता है। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की भव्य विशाल बारात बैण्ड बाजों से सुसज्जित होकर थाने से सामने से प्रारम्भ होकर सराय गेट, मैन चौराहा, घासमण्डी, काली मन्दिर, मौहल्ला खटीकान, पडाव चौक से होकर मैन चौराहे पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। भगवान श्रीराम की बारात का नगर में कई स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर तथा जलपान कराकर भव्य स्वागत किया। बारात में शामिल भगवान श्री गणेश, शिव–काली ताण्डव, राधा कृष्ण, माँ नवदुर्गा के सभी स्वरूप, गुरू विश्वामित्र, राजा दशरथ तथा भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न समेत अनेक देवगणों की अन्य भव्य झाकियों ने लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान बारात में शामिल देवगणों की नृत्य कर रही भव्य झांकिया विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। इस दौरान राम बारात में व्यवस्था बनाने वालो में दीपक गोयल, रोहित माहेश्वरी, विजय अग्रवाल, अनिरूद्ध गोयल, विवेक वर्मा, डॉ. मनोज भद्राकाशी, प्रधुम्न शर्मा, गौरव भटनागर, रवि चौधरी, मिन्टू चौधरी, बोबी खत्री, दीपक प्रजापति, उज्जवल, रविन्द्र कुमार, सुनील भटनागर, सुभाष कुमार आदि शामिल रहे।





## कैकेई का दूसरा वरदान सुन मूर्छित हुए राजा दशरथ

जानसठ, २७ सितंबर (बु.)। सोमवार की रात प्राचीन रामलीला मौहल्ला मिश्राण में कैकई वरदान की लीला का सुंदर मंचन किया गया। कैकई के दूसरे वरदान को सुन मैदान में बैठे हुए दर्शकों की आंखें नम हो गई। कस्बे की प्राचीन रामलीला मौहल्ला मिश्राण में स्थानीय कलाकारों के द्वारा लीला का मंचन किया जा रहा है। सोमवार को कैकई वरदान की लीला का मंचन किया गया। कोप भवन में रानी कैकई ने अपने पहले वरदान में भरत को अयोध्या का राजा और अपने दूसरे वरदान में भगवान राम के लिए चौदह वर्ष का वनवास मांगा, तो राजा दशरथ दुख से मूर्छित हो गये। वह फिर उठकर विलाप करते हैं। इसमें अयोध्याकांड के दोहा एक से ५७ तक का प्रसंग हुआ। पुरवासियों की अभिलाषा का मान करते हुए राजा दशरथ भगवान राम को सिंहासन पर बैठाने की बात करते हैं। गुरु वशिष्ठ भी कहते हैं कि इस शुभ कार्य में अब देर नहीं करनी चाहिए। तैयारी कराई जाए। राम का राजतिलक होते देख इंद्र घबरा जाते हैं। वह माता सरस्वती से कहते हैं कि आप कुछ करिए, ताकि राम वन जाएं। नारद भी भगवान राम और सीता के पास जाकर कहते हैं कि उन्हें देवताओं की भलाई के लिए राज छोड़कर वन गमन का उपाय करना चाहिए। इस बीच सरस्वती कैकई की दासी मंथरा की बुद्धि फेर देती हैं। वह कैकई के कान भरती है। कैकई कोप भवन में जा बैठती हैं। राजा दशरथ उन्हें मनाने आते हैं, तो वह पहले वरदान में भरत के लिए राजतिलक और दूसरे वरदान में राम के लिए वनवास मांगती हैं। दशरथ कहते हैं कि तुम सूर्यवंश के लिए कुल्हाड़ी मत बनो। वह सिर पीटकर तड़पने लगते हैं। राम को बुलाकर कैकई अपने वरदान के बारे में बताती हैं, तो वह सहर्ष वन जाने को तैयार हो जाते हैं। राम का वनवास सुनकर अयोध्यावासी कैकई को कोसते हैं। राम माता कौशल्या से वन गमन की आज्ञा लेने जाते हैं। सीता तभी कौशल्या के चरण पकड़कर प्रणाम करती हैं, तो उन्हें अचल सुहाग का आशीर्वाद देती हैं। यहीं पर भगवान की आरती के बाद लीला को विश्राम दे दिया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष निशांत कांबोज, सोनी कुमार गुर्जर, रामअवतार दीक्षित, अशोक राजपूत, उमाशंकर शर्मा, अमित शर्मा रतन सिंह राजपूत शालू वालिया, सुमित सैनी, प्रदीप राणा, यशदीप शर्मा कैलाश सैनी, प्रमोद, डॉक्टर प्रदीप, अमरजीत सैनी, ज्ञानचंद सैनी, सहित नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## डीएवी व छोटूराम कॉलेज में किया प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)। डिग्री कॉलेजों में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश को लेकर जारी मारामारी के बीच डीएवी कॉलेज में छात्रों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया। इस बीच छात्र संघ के संयुक्त सचिव अमन जैन के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के कुलसचिव के नाम डीएवी पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ललित कुमार व चौधरी छोटूराम डिग्री कॉलेज के प्राचार्य और प्रवेश समन्वयक डॉ. नरेश मलिक को यूजी पाठ्यक्रमों में 33 प्रतिशत सीट वृद्धि तथा बीएससी गणित में महाविद्यालय की ८० सीट घटने के विरोध में मांग पत्र सौंपा। डिग्री कॉलेजों में प्रवेश को लेकर सौंपे ज्ञापन में छात्र संघ के नेता अमन जैन ने बताया कि डीएवी पीजी कॉलेज द्वारा पूर्व में भी वर्तमान प्रवेश प्रक्रिया में 33 प्रतिशत सीट वृद्धि करने की मांग की गई थी, क्योंकि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ ने महाविद्यालयों में संचालित यूजी कोर्स में 33 प्रतिशत सीट वृद्धि करके प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इधर 33 प्रतिशत सीट वृद्धि की मांग पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। छात्र नेता विशु ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा डीएवी पीजी कॉलेज में बीएससी गणित में गत वर्ष 32० सीट थी जो इस वर्ष घटाकर 24० कर दी गई है। जिससे अधिकतर विद्यार्थी प्रवेश से वंचित रह गए हैं। छात्रों ने मांग की कि छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए डीएवी पीजी कॉलेज छात्र संघ पदाधिकारी एवं विद्यार्थी विश्व विद्यालय द्वारा वर्तमान प्रवेश प्रक्रिया में 33 प्रतिशत सीट वृद्धि की जाए। वहीं जब तक विवि में वर्तमान सीटों में 33 प्रतिशत सीट वृद्धि नहीं होती, वर्तमान प्रवेश प्रक्रिया पर तत्काल रूप से रोक लगाते हुए तब तक शुरू न की जाए जब तक सीट वृद्धि न हो। वहीं डीएवी पीजी कॉलेज में बीएससी गणित में घटाई गई ८० सीट पुन: जोड़कर 32० किए जाने के साथ उसके बाद 33 प्रतिशत सीट वृद्धि करके प्रवेश लिये जाने की मांग की। छात्र संघ नेता ने कहा कि यदि इन समस्याओं का 2 दिनों में समाधान न किया गया तो छात्र संघ एवं विद्यार्थी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसका पूर्ण दायित्व विवि और कॉलेज प्रशासन का होगा। इस दौरान कॉलेज में प्रदर्शन के बीच मुख्य रूप से छात्र नेता कपिल कुमार, विशु पिन्ना, रूचिन नरवाल, निखिल गौतम, अजय, अमित, मयंक, अंशुल चौधरी, अशफाक, केपी और सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

द्वितीय पुण्य तिथि



जन्मतिथि 04.03.1949

परलोक गमन 28.09.2020

स्व. श्रीमती शशिकान्ता अग्रवाल
(सत्संग वाली)

''चिट्ठी न कोई संदेश, जाने वो कौन सा देश, जहाँ तुम चले गये''
रहने को सदा दुनिया में आता नहीं कोई, तुम जैसे गयी ऐसे तो जाता नहीं कोई
छोड़कर अपनों को हर किसी को जाना है, पर वे हमेशा यादों में हमारे साथ रहेंगी,
सोचा नहीं था कभी, वो साथ आपका छूटेगा,
जीवनभर का स्नेहबंधन वो मझधार में टूटेगा।

आपको हमारे बीच से गये हुए दो वर्ष हो गए हैं, मगर आपके हमारे बीच में होने का अहसास आज भी वैसा का वैसा ही महसूस होता है। आपके सभी संस्कार (धार्मिक/सामाजिक) एवं प्यार को हमने अपने दिलों में संजोकर रखा है और हमेशा आपके दिये इन संस्कारों को हम सब अपने जीवन में आपकी यादों के रूप में उतार कर रखेंगे।

आप हम पर हमेशा अपना स्नेह एवं आशीर्वाद बनाये रखना।

आपकी द्वितीय पुण्यतिथि पर हम इन्हीं शब्दों के सादर श्रद्धासुमन आपको अर्पित कर रहे हैं।

सादर श्रद्धासुमन

- सुभाष चन्द्र अग्रवाल (पति) (से०नि० राज० शिक्षा विभाग, मुजफ्फरनगर)
- डॉ. संजय कुमार अग्रवाल 'पत्रकार' (देवर)
- ई० डॉ० अभिषेक अग्रवाल (भतीजा)
- कु. आंचल अग्रवाल एडवोकेट (भतीजी)
- कु. आरोही अग्रवाल (पौत्री)

एवं समस्त सम्बन्धी एवं मित्रगण

प्रतिष्ठान
पूजा न्यूज एंड फीचर नेटवर्क
(इंटरनेशनल प्रिंट एवं सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ग्रुप)
निवास स्थान : 46-प्रेमपुरी, गांधी पार्क (निकट ईदगाह), शामली बस स्टैंड, मुजफ्फरनगर सिटी (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8755836835, 09837131872

## ऑल इंडिया मुत्ताहिदा महाज ने किया कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)। ऑल इंडिया मुत्ताहिदा महाज ने एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को सौंपते हुए अवगत कराया कि अभी प्रदेश के मदरसों के सर्वे का मामला खत्म भी नहीं हुआ था कि योगी सरकार ने अब वक्फ संपत्ति के सर्वे का आदेश जारी करके नया विवाद खड़ा कर दिया, जो कि मुसलमानों के खिलाफ शक व शुबाह का अवसर उत्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे में इस समय नफरत की जो आंधी आयी हुई है या लायी जा रही है, उसमें इजाफे का कारण बन रहा है। डीएम को सौंपे गए ज्ञापन में ऑल इंडिया मुत्ताहिदा महाज के पदाधिकारियों ने कहा कि देश में मदरसों व वक्फ की सम्पत्ति मुसलमानों का जाति असासा है, वक्फ संपत्ति अधिकतर ऐतिहासिक हैसियत रखती है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार सही मंशा व नियत से यह सर्वे करा रही है तो यह स्वागत योग्य है, जो अधिकतर वक्फ संपत्तियों पर नाजायज कब्जे हैं और काफी सम्पत्तियां केवल 1०-2० रुपये महावार पर किरायेदारी व लीज पर हैं। उक्त वक्फ संपत्तियों से नाजायज कब्जा हटाकर और किरायेदारी बाजारी मूल्यों पर दी जानी अति आवश्यक है, क्योंकि इन वक्फ संपत्तियों का मकसद लाचार व मजबूर बेवा व यतीम लोगों को लाभ पहुंचाना ही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार का नारा है सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास, लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। ऐसे में सरकार को यदि भारतीय मुसलमानों से सच्ची हमदर्दी है तो वह सच्चर कमेटी की रिपोर्ट, जो आज तक ठंडे बस्ते में पड़ी है, उस पर भी केंद्र सरकार को अमल करते हुए मुसलमानों को आरक्षण देने के लिए कानून बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार इस तरह की संवेदनशील मामलों को हिन्दु-मुस्लिमों के बीच खाई बढ़ाना चाहती है। इसके अलावा गरीबी, बेरोजगारी और धार्मिक मामलों में उलझाकर रखना चाहती है। महाज ने आरोप लगाया कि जैसे चीन व पाकिस्तान की दिलेरी व गिरती अर्थ व्यवस्था आदि की समस्याएं हैं, जिनकी तरफ से सरकार कबूतर की तरह आंखे बंद किए बैठी है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से मुत्ताहिदा महाज के जिलाध्यक्ष शाहनवाज, मुन्नवर, महबूब आलम एड. समेत काफी सदस्य मौजूद रहे।

### सनातन धर्म महाविद्यालय में रालोद छात्र सभा ने किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)। डिग्री कॉलेजों में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश को लेकर आ रही दिक्कतों के बीच रालोद छात्र सभा से जुड़े छात्रों ने सनातन धर्म महाविद्यालय में कुलसचिव के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान न हुआ तो इसके विरोध में रालोद छात्र सभा उग्र प्रदर्शन को विवश होगी। मंगलवार को डिग्री कॉलेजों में प्रवेश को लेकर हो रही तमाम परेशानियों से निजात दिलाने की मांग करते हुए रालोद छात्र सभा के जिलाध्यक्ष सार्थक लाटियान के नेतृत्व में रालोद छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार पुंडीर का घेराव किए जाने का प्रयास किया। इस दौरान कॉलेज में होने वाले प्रवेशों में वंचित रहे तमाम छात्रों के प्रवेश हेतु सांध्य कालीन कक्षाओं को चलाने को एसडी महाविद्यालय में पहुंचकर छात्रों की मांगों हेतु प्रदर्शन किया। हालांकि इस बीच कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुंडीर और चौकी इंचार्ज ने बाहर आकर छात्रों से मांगों से संबंधित ज्ञापन रालोद नेताओं से लिया। छात्रों द्वारा कुलसचिव के नाम सौंपे ज्ञापन में आश्वस्त किया कि इस समस्या के समाधान के लिए जल्द ही विश्वविद्यालय प्रशासन से बात कर प्रवेश की समस्या का शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्य रूप से अभय अहलावत, हिमांशु पचैंडा, शादाब अली, काजी फैज, आशीष बहादरपुर, रक्षित बरवाला आदि मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**

सैनेट्री की दुकान पर कार्य हेतु **लड़कों** की आवश्यकता है।

-: सम्पर्क करें :-
अग्रवाल सेनीटेशन
12-बी, पीठ बाजार,
नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
M. 9837118415

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम ***रीना देवी*** (REENA DEVI) दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम ***रीना*** (REENA) है। जो कि मेरे आधार कार्ड में भी दर्ज है।

**रीना** (REENA)
पत्नी कुशलवीर
निवासी : गांव बरवाला,
जिला मुजफ्फरनगर



## किशोरी की बरामदगी को लेकर थाने पर धरना-प्रदर्शन

पुरकाजी, २७ सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव झबरपुर से एक माह पूर्व अपहृत किशोरी की बरामदगी की मांग को लेकर गुस्साए परिजनों ने थाने पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। परिजनों ने गांव के ही युवक पर अन्य साथियों के सहयोग से अपनी नाबालिग बेटी का अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाकर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपियों के नामजद के कारण कई दिन तक किशोरी की तलाश करने पर सफलता न मिलने पर पुलिस ने मुख्य आरोपी के पिता को जेल भेज दिया था। पीड़ित परिजनों ने आरोप लगाया वे थाने के चक्कर काट रहे हैं, किन्तु पुलिस किशोरी का कोई सुराग नहीं लगा पायी तथा आरोपी का साथी भी चार दिन पहले कोर्ट में सरेण्डर कर जेल चला गया है। घण्टों बाद प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर बौद्ध ने परिजनों से कोर्ट में पेश हुए आरोपी को रिमाण्ड पर लाकर पूछताछ के बाद जल्द से जल्द किशोरी को बरामद करने का आश्वासन के बाद धरना खत्म हुआ। इस दौरान सरिता, पुष्पा, सरवती, राजवती, विजयपाल, राहुल, चंचल, सुभाष, नीटू, अर्जुन आदि मौजूद रहे।

**नि:शुल्क सर्जिकल शिविर**

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 सितम्बर 2022 दिन बुधवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।

इस कैम्प में

- पित्त की थैली में पथरी, अपैंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छीकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती से सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धस्ना जैसे रोगो का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।

नि:शुल्क पी.एस.ए. (गदूद के कैंसर की जाँच) | ऑपरेशन पर भारी छूट | नि:शुल्क यूरोफ्लोमेट्री (पेशाब की धार की जाँच)

स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर

फ्री परामर्श का समय
28 सितम्बर 2022, बुधवार, प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779
रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

**कार्यालय उपनिबन्धक जानसठ, मुजफ्फरनगर**

पत्रांक : 157/उ.नि./जानसठ। 2022 दिनांक 20.09.2022

**विज्ञापन आलेख**

सभी सगे सम्बंधियों को सूचित किया जाता है कि एक अपंजीकृत मरणोंपरान्त वसीयतनामा श्री महावीर सिंह ढिल्लन पुत्र श्री प्रीतपाल सिंह ढिल्लन, निवासी रामराज, परगना भुम्मा सम्भलहेड़ा, तहसील जानसठ, जिला-मुजफ्फरनगर, कथित रूप से निष्पादित दिनांक 07.01.2020 ई० द्वारा स्वर्गीय अवनिन्द सिंह पुत्र श्री गुरजिन्द्र सिंह निवासी-रामराज, परगना-भुम्मा, सम्भलहेड़ा, तहसील जानसठ, जिला-मुजफ्फरनगर, उपनिबंधक कार्यालय, जानसठ, जनपद मुजफ्फरनगर उ.प्र. में रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1908 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत निबंधन हेतु प्रस्तुत किया गया।

अत: उक्त वसीयतनामा के सम्बन्ध में किसी सगे-सम्बंधियों को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन तिथि के एक माह के अंदर आवश्यक साक्ष्यों के साथ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् यह समझा जायेगा कि किसी को निष्पादन के सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है, तदानुसार आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर दी जायेगी।

उपनिबंधक जानसठ,
मुजफ्फरनगर







## महाराजा अग्रसेन जयंती उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया

मुजफ्फरनगर, २७ सितम्बर (बुस.)। महाराजा अग्रसेन स्मारक ट्रस्ट, मुजफ्फरनगर द्वारा आज महाराजा अग्रसेन भवन में महाराजा अग्रसेन जयंती उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। समारोह का प्रारंभ प्रातः ६:०० से हवन–पूजन के द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य यजमान सुमन लता गोयल–सतीश चंद्र गोयल एवं अमिता स्वरूप बंसल–सौरभ स्वरूप बंसल के साथ राकेश बिंदल, महेश जिंदल, अजय कुमार मित्तल, रमेश गुप्ता, अजय कुमार अग्रवाल (सीए), राजेश गोयल, पवन कुमार गोयल, मनोज गर्ग, मयंक सिंघल आदि सम्मिलित हुए। हवन–पूजन उपरांत समारोह अध्यक्ष रविंद्र सिंघल (स्वास्तिक पेस्टिसाइड्स) एवं मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल (राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार– व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास उत्तर प्रदेश सरकार ), दिनेश कुमार गोयल (सदस्य विधान परिषद एवं चेयरमैन राजकुमार ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस) तथा विशिष्ट अतिथि सोमांश प्रकाश, अशोक कंसल, गौरव स्वरूप बंसल, मुकेश गोयल, निधीश प्रकाश, नरेंद्र गोयल, राजकुमार तायल, आकाश कुमार, सत्य प्रकाश मित्तल (अध्यक्ष– महाराजा अग्रसेन स्मारक ट्रस्ट) के द्वारा मंचासीन कुलदेवी महालक्ष्मी जी एवं महाराजा अग्रसेन जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर आरती एवं पीआर पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा वंदे मातरम गान तथा रंगारंग कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का मनमोहक मंच संचालन राजीव सिंघल (महानगर अध्यक्ष – अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन) के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पधारे अतिथिगण एवं अति विशिष्ट व्यक्तियों का स्वागत / सम्मान अजय तायल, उपेंद्र बंसल, मित्रसेन अग्रवाल, पदम बंसल, तेज राज गुप्ता, विनय कुच्छल, देवेंद्र गर्ग, आशुतोष गोयल, प्रदीप कुमार गोयल (सचिव), पुरुषोत्तम कुमार सिंघल (प्रबंधक), योगेंद्र कुमार मित्तल (कोषाध्यक्ष), योगेश कुमार सिंघल (मुख्य संयोजक) एवं अजय कुमार सिंघल( सह संयोजक) के द्वारा, पटके, स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं /अतिथिगण के साथ–साथ मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने, अग्रवाल समाज की एकता और अखंडता पर विशेष बल देते हुए तन मन धन से समाज की सेवा करने का आश्वासन देते हुए, कार्यक्रम की सुंदरता /भव्यता की भूरी भूरी प्रशंसा की। ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्य प्रकाश मित्तल ने, महाराजा अग्रसेन भवन के निर्माण के विषय में संपूर्ण जानकारी देते हुए भवन निर्माण के सहयोगी एवं समस्त आगंतुक जन का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के सभी पदाधिकारीगण / ट्रस्टीगण के अलावा सैकड़ों महानुभावों की उपस्थिति ने, न सिर्फ आयोजकों को गौरवान्वित किया अपितु कार्यक्रम में चार चांद भी लगा दिये। इनमें मुख्य रूप से पवन कुमार गर्ग, रजत गुप्ता आर्किटेक्ट, अचिन कंसल, संजीव गोयल, नीरज कुमार, राजकुमार तायल, पदम बंसल, मनीष तायल, मुकेश गोयल, फूल चंद कंसल, राकेश कुमार बिंदल, प्रवीण गोयल, योगेंद्र कुमार मित्तल, अजय कुमार अग्रवाल, रमेश चंद गुप्ता, राजीव सिंघल, सिंघल प्रोपर्टी एडवाइजर, प्रमोद मित्तल, अंकुर गर्ग, अमित गर्ग, अनिल कंसल, रामकुमार तायल, संजय गुप्ता, नरेंद्र मित्तल, सुमित गर्ग, राजेश गोयल, अजय कुमार मित्तल, श्याम लाल बंसल, राकेश मित्तल, विनोद कुमार सिंघल, मित्रसेन अग्रवाल, मधुसूदन दास गोयल, प्रवीण कुमार सिंघल, रचित सिंघल, सुरेंद्र गोयल, अजय तायल, वेद प्रकाश मंगल, राम कुमार गोयल, सतीश चंद गोयल, सुरेंद्र बंसल, विजय कुछल, उपेंद्र बंसल, पवन मित्तल, अमित मित्तल, अमित गोयल, आकाश गुप्ता, महेश जिंदल, सत्य प्रकाश, भुवनेश गुप्ता, अमरीश कुमार सिंघल, आकाश कुमार, तुषार गोयल, अशोक कुमार तायल, गिरीश अग्रवाल, संजय गुप्ता, तेजराज गुप्ता, विकास स्वरूप बंसल, अंकित बिंदल, रघुराज गर्ग, भीमसेन कंसल, सुनील तायल, सुरेश चंद गोयल, राजेंद्र कंसल, आदित्य भर्तियां, अजय स्वरूप बंसल, विनोद कुमार, सचिन गुप्ता, अरुण कुमार गुप्ता, देवेंद्र गर्ग, मदन लाल गोयल, भगत राम गुप्ता, निरंजन लाल बंसल, सुभाष मित्तल, प्रदीप गोयल, नवीन मित्तल, शोभित गुप्ता, कृष्ण गोपाल मित्तल, शशिकांत मित्तल, जय भगवान बंसल, सुरेश सिंघल, नीरज बंसल, अरविंद कुमार बंसल, डॉ. रमेश कुमार केडिया, डॉक्टर प्रवीण कुमार गुप्ता, डॉक्टर इंद्रानी गुप्ता, अनिल गोयल, डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, सुशील कुमार, सुरेश चंद, विनय कुमार, जितेंद्र कुच्छल, विकास कुमार गोयल, सतीश चंद्र गोयल, इंद्रसेन बिंदल, अमित कंसल, प्रवीण मित्तल, हर्ष सिंघल, राकेश कुमार गर्ग, संजीव गुप्ता, रोशन लाल गर्ग, सुरेश गुप्ता, राकेश गोयल, विपिन सिंगल, अरविंद गर्ग, अनिल मित्तल, नरेंद्र कुमार सिंघल, सतीश चंद गर्ग, अजय सिंघल, प्रवीण कुमार, पवन सिंघल, प्रेम प्रकाश, सुभाष चंद्र, लक्ष्मी चंद गोयल, नीरज मित्तल, अंकुर गर्ग, बृजगोपाल छारिया, शिवचरण गर्ग, सचिन कंसल, वागीश स्वरूप एडवोकेट, जयप्रकाश, शैलेश कुच्छल, आशुतोष कुच्छल, पवन कुमार गोयल, अमित अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद, दीपक कुमार, सतनारायण, सुनील कुमार, मामचंद अग्रवाल, मनीष बंसल, लोकेश चंद्र, संजीव कुमार, राजीव कुमार व पवन कुमार गोयल आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रशासन) मुजफ्फरनगर**
(ट्रांसपोर्ट नगर, एन.एच. 58, भोपा रोड, Email : artomu-up@nic.in)

पत्रांक : /प्रवर्तन/नीलामी/2022 दिनांक : 26-09-2022

''प्रेस विज्ञप्ति''

***नीलामी की सूचना***

**मुजफ्फरनगर जनपद के विभिन्न थानों में मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 207(1) एवं उ.प्र. मोटरयान कराधान अधिनियम 1997 की धारा 22(1) के अन्तर्गत 45 दिन से अधिक समय से बंद वाहन की नीलामी उ.प्र. मोटर गाडी कराधान नियमावली 1998 एवं उ.प्र. कराधान अधिनियम 1997 के प्राविधान के अनुसार परिवहन आयुक्त, उ.प्र. से स्वीकृति उपरान्त निम्न-वाहन की नीलामी दिनांक 19.10.2022 को निश्चित की गयी है। वाहन की नीलामी जहां है वहीं है के आधार पर की जायेगी। वाहन की नीलामी सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय मुजफ्फरनगर में अपराह्न 1:00 बजे से शुरू होगी। वाहन को किसी भी समय सम्बन्धित थाने/पुलिस चौकी पर जाकर देखा जा सकता है। वाहन की सूचना निम्नवत् है :-**

| क्र.स. | वाहन संख्या | वाहन का प्रकार | वाहन का मॉडल | थाना/पुलिस चौकी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | UP70DT-9797 | BUS | 2014 | रामपुर तिराहा चौकी |

***सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मुजफ्फरनगर***

## गन्ने का भुगतान ना हुआ तो आंदोलन होगाः राजपाल बालियान



मुजफ्फरनगर, 27 सितंबर (बु.)। रालोद विधायक राजपाल बालियान ने चेतावनी दी है कि अगर सीजन से पहले गन्ने का भुगतान ना हुआ तो इसके लिए आंदोलन किया जाएगा। आज पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा में किसानों के कई मुद्दे उठाए गए। उन्होंने कहा कि यूपी में बड़ी संख्या में पट्टेधारक किसान सत्तर साल से भूमिधरी के लिए परेशान हैं। उत्तराखंड में गए किसानों को भूमिधरी मिल चुकी है, लेकिन यूपी सरकार ने जवाब दिया है कि अभी इस पर विचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि गन्ना मूल्य और गन्ने के भुगतान को लेकर भी मुख्यमंत्री से बात की गई। इसके बाद सीएम ने आश्वासन दिया है कि समय से भुगतान हो जाएगा। इसके बावजूद भुगतान ना हुआ तो रालोद आंदोलन करेगा। उनका कहना था कि बजाज ग्रुप की चीनी मिलें भुगतान में फिसड्डी हैं। शामली चीनी मिल पर भी काफी बकाया है। उन्होंने शाहपुर ब्लॉक में विकास कार्यो में गड़बड़ी का आरोप लगाया और बुढाना में काली नदी व हिंडन में डाले जा रहे फैक्ट्रियों के गंदे पानी का रोकने की मांग की। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक आपदा को लेकर भी शासन से किसानों को राहत दिलाने की मांग की गई। उन्होंने बुढाना के पास बिटावदा के अधूरे पडे ओवर ब्रिज के निर्माण की भी मांग की।

## लघु उद्योगों को प्रोत्साहन के लिए नीति को मंजूरी

लखनऊ, 27 सितंबर (वार्ता)। योगी कैबिनेट ने जैव ऊर्जा नीति को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही एमएसएमई नीति को भी मंजूर कर लिया गया है। मंगलवार को लोक भवन में योगी कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 20 प्रस्तावों पर कैबिनेट की मुहर लगी है। कैबिनेट ने मुजफ्फरनगर और गोंडा की कटरा बाजार नगर पालिका परिषद के सीमा विस्तार को भी हरी झंडी दे दी है। राज्य योजना आयोग का पुनर्गठन होगा। केंद्र की नीति आयोग की तर्ज पर स्टेट ट्रांसफॉरमेशन कमीशन बनेगा। मुख्यमंत्री इसके अध्यक्ष होंगे।

कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने बैठक में हुए फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जैव ऊर्जा नीति मंजूर कर ली गई है। पांच साल की इस नीति में सब्सिडी देंगे। सरकार सभी जिलों में बायो फ्यूल प्लांट लगाने के लिये आवेदन मांगेगी। तीस साल के लिये एक रुपये की लीज पर जमीन दी जाएगी। स्टाम्प शुल्क में 100 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। मंत्री ने अरविंद शर्मा ने बताया कि ऊर्जा विभाग के अंतर्गत जैव ऊर्जा के संबंध में एक विभागीय प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। इसके अंतर्गत पराली जलाने अर्बन समस्या का समाधान होगा। वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी। जैव अपशिष्ट का निस्तारण वैज्ञानिक विधि से हो सकेगा। इसके तहत 5 वर्ष में होने वाली जैव ऊर्जा परियोजना के अंतर्गत बायोगैस बायोकॉन बायोडाटा भारत सरकार की उत्पादन योजना पर इंसेंटिव दिया जाएगा। वहीं, एमएसएमई नीति के तहत ग्राम सभाओं की जमीन लेकर एमएसएमई यूनिट लगेंगी। एक्सप्रेस वे के पांच किलोमीटर में 5 एकड़ जमीन पर एमएसएमई क्लस्टर बनेगा।



अग्निवीर भर्ती के लिए पहुंचे बागपत व बड़ौत के युवा जहां जोश में नजर आए वहीं उन्होंने सड़क पर आसन लगाकर आराम भी फरमाया। फोटो बुलेटिन

## जिले की दो चीनी मिलों पर 200 करोड़ रुपया बकाया

मुजफ्फरनगर, 27 सितंबर (बु.)। पेराई सत्र 15 अक्तूबर से प्रारंभ होने से पूर्व गन्ना भुगतान विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है। जिले की दो चीनी मिलों पर किसानों का अभी भी 200 करोड़ रुपया बकाया है। इनमें चीनी मिल भैसाना पर 181 करोड़ और सहकारी चीनी मिल मोरना पर 19 करोड़ बकाया है। जिले की आठ चीनी मिलों में छह चीनी मिल टिकौला, खतौली, खाईखेड़ी, रोहाना, मंसूरपुर, तितावी किसानों का समस्त भुगतान कर चुकी हैं। केवल दो चीनी मिल ऐसी हैं जिन पर अभी भी बकाया है। सरकार और प्रशासन बार-बार यह बात कह रहे हैं कि नए पेराई सत्र से पहले किसानों का समस्त भुगतान हो जाएगा। गन्ना विभाग में पेराई सत्र का शुभारंभ 15 अक्तूबर से होता रहा है। ऐसी स्थिति में सत्र शुरू होने में केवल 20 दिन बाकी रह गए हैं। जिले की दो चीनी मिलों भैसाना और मोरना चीनी मिल पर अभी भी 200 करोड़ बकाया हैं। इसमें 181 करोड़ भैसाना और 19 करोड़ मोरना चीनी मिल पर बकाया है। बीते वर्ष भैसाना चीनी मिल ने जब भुगतान नहीं किया तो शासन ने बजाज ग्रुप का विद्युत भुगतान रोककर उससे किसानों भुगतान किया था। बजाज की पावर ग्रिड है, जिससे सरकार बिजली खरीदती है। चीनी मिल पर 181 करोड़ का बड़ा भुगतान रुका है। मोरना चीनी मिल जिले की एकमात्र सहकारी चीनी मिल है। इसका भुगतान सरकार को करना है। सरकार के भुगतान में देरी करने से विपक्ष को यह अवसर मिला हुआ है कि सरकार अपनी ही चीनी मिल का भुगतान नहीं कर पाई है। हालांकि जिले के किसानों ने इस बार चीनी मिलों में लगभग 3400 करोड़ का गन्ना डाला था, जिसमें केवल 200 करोड़ ही बकाया है। जिला गन्ना अधिकारी आरडी द्विवेदी ने बताया कि सत्र से पहले ही दोनो चीनी मिल भुगतान कर देगी। हम लगातार दबाव बनाए हुए हैं। नए सत्र की तैयारी विभाग ने पूरी कर ली है।

## मुजफ्फरनगर में पासपोर्ट को लेकर शुरु हुई ये सुविधा

गाजियाबाद, 27 सितंबर (बु.)। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय गाजियाबाद से जुड़े छह जनपदों के पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र में 28 सितंबर से पीसीसी आवेदन की सुविधा शुरू करने का निर्णय लिया गया है। विदेशों में लंबी अवधि का वीजा आवेदन करने वालों के लिए पुलिस अनुमति प्रमाण-पत्र (पीसीसी) अनिवार्य है। आवेदकों को इसके लिए पुलिस मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। लेकिन कल यानी 28 सितंबर से इससे छुटकारा मिल जाएगा। पीसीसी आवेदन की सुविधा पोस्ट आफिस में भी की जा सकेगी।

## अग्निवीर बनने के लिए मुजफ्फरनगर में जमकर दौड़े बागपत-बडौत के युवा

मुजफ्फरनगर, 27 सितंबर (बु.)। अग्निवीर भर्ती में मंगलवार को बागपत और बड़ौत तहसील के युवाओं ने प्रतिभाग किया। हालांकि आज भी गीला ट्रैक उनके लिए समस्या बना। अग्निपथ कार्यक्रम के तहत सेना में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया मुजफ्फरनगर के चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही है। देर रात युवाओं की एंट्री हुई और सुबह मैदान में उन्होंने दौड़ लगाई। सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं में जोश देखने को मिला। कई दिन तक हुई मूसलाधार बारिश के चलते मैदान गीला हो गया था। सेना तथा नगर पालिका कर्मियों ने मैदान को सुखाकर भर्ती प्रक्रिया सोमवार को फिर से प्रारंभ कराई थी। बारिश से भर्ती स्थल पर पानी भरने तथा कीचड़ के कारण दो दिन भर्ती स्थगित रही थी। जिसके उपरांत रविवार से भर्ती प्रारंभ हुई। मंगलवार को अग्निवीर भर्ती के लिए बागपत तथा बड़ौत तहसील के युवाओं ने भर्ती स्थल एंट्री की। इस दौरान करीब 9300 युवाओं ने भर्ती प्रक्रिया में भाग लेते हुए दौड़ लगाई। देर रात से ही युवाओं की एंट्री भर्ती स्थल में प्रारंभ हो गई थी। मंगलवार को यह प्रक्रिया सायं तक चलेगी।

## यूपी के खिलाड़ियों को सीएम योगी की सौगात

लखनऊ, 27 सितंबर (वार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा है कि सरकार ने प्रतिभावान खिलाड़ियों को शासकीय सेवा का मौका देने के लिए 2 फीसदी सीटें आरक्षित की हैं तो पुलिस में 500 से अधिक पदों पर नियुक्ति शुरू हो गई है और अब राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आवागमन के लिए रेलवे की एसी थ्री टियर कोच की सुविधा भी मिलेगी।

## बसें तोड़ने पर पीएफआई से मांगा 5 करोड़ का हर्जाना

तिरुवनंतपुरम, 27 सितंबर (वार्ता)। केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) को पिछले शुक्रवार को इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान हिंसा का खामियाजा भुगतना पड़ा था। अब केएसआरटीसी ने पीएफआई से हर्जाना बसूलने के लिए मंगलवार को केरल उच्च न्यायालय का रुख किया। केरल राज्य सड़क परिवहन निगम ने उच्च न्यायालय में अर्जी देकर अनुरोध किया है कि वह पीएफआई को उसकी बसों को हुए नुकसान के एवज में पांच करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति देने का निर्देश दे। पीएफआई ने 22 सितंबर को देश भर में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा उसके ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई और उसके नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में 23 सितंबर को राज्यव्यापी हड़ताल बुलाई थी जिस दौरान हुई हिंसा में निगम की बसों को नुकसान पहुंचा था। हड़ताल के दौरान पीएफआई के कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर बड़े पैमाने पर हिंसा की और बसों, सार्वजनिक संपत्ति को क्षतिग्रस्त किया और यहां तक कि लोगों पर हमला किया।

## मौलाना साजिद से मिले इनपुट के बाद एनआईए एटीएस ने कैराना से चार लोगों को हिरासत में लिया

➲पीएफआई व एसडीपीआई से जुड़े हैं चारों संदिग्ध
➲कैराना में एनआईए व एटीएस ने की संयुक्त छापेमार कार्यवाही
➲संदिग्ध गतिविधियों को लेकर पूछताछ जारी, पूछताछ के बाद चारों को छोड़ा

कैराना, 27 सितम्बर (बु.)। देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होकर षड़यंत्र रचने के आरोप में पीएफआई सदस्य मौलाना साजिद की गिरफ्तारी के बाद एक बार फिर एनआईए, एटीएस की टीमों ने कैराना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर संयुक्त छापामार कार्यवाही की है। इस दौरान पीएफआई व एसडीपीआई से जुड़े चार संदिग्ध लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। इनमें आरोपी मौलाना साजिद के दो भाई भी शामिल है। टीमें उनकी संदिग्ध गतिविधियों को लेकर पूछताछ करने में जुटी हुई है।

बुधवार की रात करीब दो बजे एटीएस नोएडा के इंस्पेक्टर सुधीर उज्जवल के नेतृत्व में एनआईए व एटीएस की टीमें एक सप्ताह पहले गिरफ्तार किए गए पीएफआई के सदस्य मौलाना साजिद से मिले देश विरोधी गतिविधियों में षड्यंत्र रचे जाने के इनपुट के आधार पर कैराना पहुंचीं। टीमों ने सबसे पहले मौलाना साजिद के गांव मामौर स्थित उसके घर पर छापेमार कार्रवाई की, जहां से उसके बड़े भाई मौलाना जाहिद व छोटे भाई साबिर को उठा लिया। इसके बाद गांव पावटीकलां निवासी जाबिर को उसके घर पर छापेमारी के दौरान हिरासत में लिया गया। उधर टीमों ने गांव गोगवान में भी छापेमारी की। यहां के रहने वाले सरवर अली को हिरासत में लिया गया। बताया जा रहा है कि चारों व्यक्ति पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) व एसडीपीआई (सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया) से जुड़े हुए हैं। जिनकी गतिविधियों को संदिग्ध मानते हुए छापेमार कार्रवाई की गई। चारों व्यक्तियों से सुरक्षा एजेंसियों ने गोपनीय तरीके से कोतवाली के अगल-अलग कमरों में गहनता से पूछताछ शुरू कर दी है। उनसे पूछताछ के बाद कई चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज त्यागी ने बताया कि जांच कर चारो को छोड़ दिया है और टीम वापस रवाना हो गई है,उधर सूत्रों की माने तो कई जिलों में छापेमारी की गई थी।

## उत्तर प्रदेश के 26 जिलों में पीएफआई के ठिकानों पर छापेमारी, 57 हिरासत में

लखनऊ, 27 सितंबर (वार्ता)। पीएफआई के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए एनआईए के बाद अब आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) व स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान प्रदेश के26 जिलों में एक साथ छापे मारे गए और 57 लोगों को हिरासत में लिया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि पीएफआई व उससे संबंधित संगठनों द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में अंजाम दी गई हिंसा व पीएफआई के सदस्यों की बढ़ती राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के दृष्टिगत जिला पुलिस, एसटीएफ व एटीएस की टीमों ने 26 जिलों में एक साथ पीएफआई से जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापे मारे। इस दौरान कुल 57 लोग हिरासत में लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि छापे के बाद मौके से बरामद विभिन्न प्रकार के दस्तावेज व सुबूतों का संयुक्त रूप से विश्लेषण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुबूतों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पश्चिमी यूपी के गाजियाबाद में पीएफआई के यूपी प्रभारी परवेज के गांव कलछीना में भी एटीएस ने छापा मारा। छापे के दौरान 12 लोगों को हिरासत में लिया गया है। चार दिन पहले परवेज के घर छापा पड़ा था लेकिन वह हाथ नहीं आया था। बताया जा रहा है कि परवेज ने ही हिरासत में लिए गए लोगों को पीएफआई से जोड़ा था। मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र से फुरकान, खरखोदा से अब्दुल बासित और सरूरपुर से एक युवक को एटीएस ने हिरासत में लिया है। फुरकान और अब्दुल बासित का एटीएस ने शांति भंग में चालान कर दिया जबकि सरूरपुर में पकड़े गए पीएफआई के सदस्य से पूछताछ की जा रही है। शामली के कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव मामौर व पावटी कलां में छापे के दौरान मौलाना साजिद के बड़े भाई मदरसा संचालक मौलाना जाहिद, छोटे भाई साबिर और जिला पंचायत सदस्य परवेज के बड़े भाई जाबिर को हिरासत में लिया गया है। गोगवान निवासी सरवर को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं मुजफ्फरनगर से पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। एटीएस की टीम पूछताछ कर रही है। उधर, अयोध्या के बीकापुर में भी एटीएस ने दो सगे भाइयों को हिरासत में लिया है। इसमें गुफरान और अकरम शामिल हैं। एटीएस, एसटीएफ व लोकल पुलिस की संयुक्त टीम ने बीकेटी के अचरा मऊ गांव में छापा मार कर छह लोगों को हिरासत में लिया है। इटौंजा इलाके से भी एक को हिरासत में लिए जाने की सूचना है। अलग अलग टीमें हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक बीकेटी के अचरा मऊ में प्रधान अरशद की तलाश में गई थी। वहां उसके न मिलने पर उसके भाई फैजान व आरिफ को हिरासत में लिया। इसके अलावा गांव के सलमान, रेहान को भी हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा सरकारी शिक्षक अब्दुल वाहिद उर्फ आजाद और उसके भाई अब्दुल माजिद उर्फ हैदर को भी हिरासत में लिया गया है। इन सभी के पास से कई संदिग्ध दस्तावेज, मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर, हॉर्डडिस्क व अन्य सामग्री बरामद हुई है। हिरासत में लिया गया अब्दुल वाहिद प्राथमिक विद्यालय में सरकारी शिक्षक है जबकि माजिद पीएचडी कर रहा है।

## गाजीपुर की डीएम के नाम से बनाया फर्जी ट्विटर हैंडल

नोएडा, 27 सितंबर (वार्ता)। जिलाधिकारी (डीएम) आर्यका अखौरी के नाम से एक फर्जी ट्विटर हैंडल बनाकर एक महिला पत्रकार की तस्वीर से छेड़छाड़ कर आपत्तिजनक फोटो साझा करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। नोएडा पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस फोटो में महिला पत्रकार और एक संत आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहे हैं। महिला पत्रकार की शिकायत पर सेक्टर 24 पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज की गई है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि महिला पत्रकार ने नोएडा के थाना सेक्टर-24 में मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि डीके खान नामक एक शख्स ने इस ट्विटर हैंडल से 16 सितंबर को महिला पत्रकार की एक अश्लील फोटो शेयर की। इसी हैंडल से कई बार साधु-संतों और पत्रकारों के लिए विवादित ट्वीट किए गए।

## यूपी सरकार का बयान, पूरे प्रदेश में पीएफआई के नेटवर्क को ध्वस्त कर देंगे

लखनऊ, 27 सितंबर (वार्ता)। टेरर फंडिंग पर रोक लगाने के लिए पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ पूरे प्रदेश में छापेमारी की जा रही है। अभी तक पीएफआई के कई सदस्यों को हिरासत में लिया गया है। यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हम पूरे प्रदेश में पीएफआई के नेटवर्क को ध्वस्त कर देंगे। प्रदेश में कोई भी गैर कानूनी गतिविधि नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि निगरानी बढ़ा दी गई है। लगातार छापेमारी हो रही है। पीएफआई का नेटवर्क पूरी तरह ध्वस्त कर दिया जाएगा।

## जिला जज, डीएम व एसएसपी ने किया कारागार का निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)। जिला जज, डीएम और एसएसपी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान आलाधिकारियों ने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। इस दौरान पाकशाला, बैरक और महिला बैरक का निरीक्षण किया। जिला जज चवन प्रकाश, डीएम चंद्रभूषण सिंह और एसएसपी विनीत जायसवाल अधिकारियों के साथ मंगलवार को जिला कारागार पहुंचे। यहां पर उन्होंने महिला और पुरूष बैरक का निरीक्षण किया। इस दौरान आलाधिकारियों ने जेल में बंद बंदी और कैदियों से सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद पाकशाला, जेल अस्पताल और पुस्तकालय का निरीक्षण किया। महिला बैरक में महिला बंदियों के लिए चलाए जा रहे सिलाई प्रशिक्षण शिविर का जायजा लिया। शातिर बंदियों पर कड़ी निगरानी रखने के आदेश दिए गए। जेल में कोई भी प्रतिबंधित वस्तु न जाने की हिदायत दी गई। इस दौरान जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा, जेलर कमलेश सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




जिला कारागार का भ्रमण करते मुजफ्फरनगर व शामली जनपद के डीएम, डीजे व एसएसपी। फोटो बुलेटिन

**शेष : मिल गयी शहर को....**

की ओर से भेजे गए प्रस्ताव को ज्यों का त्यों मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही इस पर दी गई आपत्तियों को खारिज कर दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा कई संशोधनों के बाद तैयार प्रस्ताव के आधार पर उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास विभाग ने अधिसूचना जारी करते हुए शहर के आसपास के 11 गांवों को पूरी तरह और तीन गांवों के आंशिक क्षेत्र के अतिरिक्त मुजफ्फरनगर के बाहर हुदूद के आंशिक क्षेत्र को नगर पालिका परिषद में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। नई व्यवस्था के तहत अब शहरी क्षेत्र में पंद्रह गांवों के पूर्ण और आंशिक 4500 हेक्टेअर क्षेत्र नगर पालिका का हिस्सा बन गए हैं। पालिका के मौजूदा क्षेत्रफल 12 वर्ग किमी का भूभाग विस्तार के बाद 50 वर्ग किमी के करीब हो जाएगा। सीमा विस्तार के लिए अधिसूचना जारी करने के साथ इस पर सात दिन के भीतर आपत्तियां मांगी गई थीं। अब इन आपत्तियों के निस्तारण के साथ शहर नगर पालिका को नया रूप मिल जाएगा। नई व्यवस्था के तहत शहर के बाईपास के अंदर का बड़ा इलाका शहर पालिका में रखा गया है। हालांकि इसके कई गांवों को विस्तार में शामिल नहीं किया गया है। इस प्रस्ताव के अंतिम रूप लेने के बाद शहर को नगर निगम बनाने का आधार भी मजबूत हो जाएगा। हालांकि अभी मुजफ्फरनगर को पालिका का ही दर्जा मिलेगा।

**शेष : अग्निवीर भर्ती....**

का मेडिकल टेस्ट होना था और बाकी के 2.50 लाख रुपये देने की बात हुई थी। एसटीएफ ने नरेश की घेराबंदी कर उसको गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में नरेश ने बताया कि वह सन 2009 में सेना में भर्ती हुआ था। वर्तमान में उसकी पोस्टिंग सिग्नल कोर हेड क्वार्टर-3 ईडब्लू ब्रिगेड पुणे में है। वह हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात है। बताया कि वह अपने भाई सौरभ, तनुज और गायत्री नगर शाहजहांपुर हापुड़ निवासी संदीप तोमर के साथ मिलकर सेना में भर्ती होने वाले अभ्यर्थियों से सन 2018 से ठगी करता है। एसटीएफ ने फरार सौरभ, तनुज और संदीप की तलाश में कई जगह पर दबिश दी, लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़े। सदर बाजार थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।




## पांच साल की बच्ची से पड़ोसी ने किया बलात्कार

शामली, 27 सितंबर (बु.)। गढीपुख्ता क्षेत्र के गांव में पड़ोसी ने पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के स्वजन ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपित अपने घर से फरार हो गया है। पुलिस उसको तलाश कर रही है। घटना सोमवार देर शाम की है। घर में फ्रिज न होने पर बच्ची को पड़ोसी के घर जाकर फ्रिज में आटा रखने को स्वजन ने कहा था। बच्ची वहां पहुंची तो उस दौरान मकान मालिक ने उससे दुष्कर्म किया तथा किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। मासूम के शोर मचाने पर स्वजन व अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों को आता देखकर आरोपित फरार हो गया। स्वजन ने मामले की सूचना गढ़ीपुख्ता थाना पुलिस को दी। पीड़ित बच्ची ने पुलिस को बताया कि आरोपित ने उसे टाफी का लालच दिया था। पीड़िता के मामा ने बताया कि आरोपित ने रविवार की रात भी बच्ची को 50 रुपये दिए थे। स्वजन ने आरोपित के खिलाफ थाने पर तहरीर दी। थानाध्यक्ष कर्मवीर सिंह ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित सोमपाल को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी, लेकिन वह हाथ नहीं आया।

## बुलेटिन के बड़े आयोजन के चलते वहलना मार्ग के निर्माण का कार्य शुरू

मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर बुलेटिन के तीन अक्टूबर को प्रस्तावित कार्यक्रम और इसमें उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक समेत देश और प्रदेश के कई बड़े चेहरों के आगमन की तैयारियों के बीच मुख्य मार्ग से वहलना की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है।

वहलना में विश्व प्रसिद्ध जैन मंदिर होने के बावजूद यहां मुख्य मार्ग से जाने वाली सड़क बुरी तरह टूटी पड़ी थी। कई वर्षो से जर्जर अवस्था में पड़ी यह सड़क हाल में बारिश के बाद और अधिक खराब हो गई थी। अब तीन अक्टूबर को मुजफ्फरनगर बुलेटिन की स्वर्ण जयंती के मौके पर यहां होने वाले बड़े आयोजन में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक समेत कई मंत्री, सांसद, विधायक और प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया की चेयरमैन रंजना देसाई समेत तमाम बड़े चेहरे मौजूद रहेंगे। इसके चलते बुरी तरह बर्बाद हो चुकी इस सड़क के दिन बहुर गए हैं। राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने गत दिनों इस सड़क के निर्माण के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए थे। इसके बाद युद्ध स्तर पर सड़क के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है।



## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में बांटे अभिनन्दन पत्र

मुजफ्फरनगर, २७ सितम्बर (बुस.)। पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती तक १७ सितम्बर से २ अक्टूबर तक निमित्त सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस कड़ी में मंगलवार को शुभकामना एवं अभिनन्दन पत्र अभियान के तहत पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में जनपद के प्रत्येक मंडल एवं शक्ति केन्द्र पर समाज के विशिष्टजनों, महानुभवों एवं लाभार्थियों से व्यापक सम्पर्क कर सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पीएम को शुभकामना एवं अभिनन्दन पत्र लिखकर प्रेषित किये। इसी कड़ी में भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला प्रभारी सतेन्द्र सिसौदिया एवं समस्त पदाधिकारियों द्वारा पीएम शुभकामना एवं अभिनन्दन पत्र लिखकर प्रेषित किये। इस कार्यक्रम में जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष अमित चौधरी के अलावा मुख्य रूप से रोहिल वाल्मीकि, सुषमा पुण्डीर, संजय गर्ग, शरद शर्मा, नितिन मलिक, रोहताश पाल, राजीव सिंह गुर्जर, वैभव त्यागी, रेणु गर्ग, सचिन सिंघल, साधना सिंघल, बोबिन्द्र सहरावत, सुधीर खटीक, सुनील दर्शन, रमेश खुराना, अचिन्त मित्तल, डॉ. संदीप शर्मा, सुन्दर पाल, कविता सैनी, अमित सिंह रावल, रक्षित नामदेव, रविकान्त शर्मा, लक्ष्मण शर्मा, रजत धीमान, विपुल शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## दो बदमाशों को लगी गोली

बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में गौतस्कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी विनीत जायसवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत एसपी देहात अतुल कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण, सीओ बुढ़ाना विनय गौतम व बुढ़ाना कोतवाल रवेंद्र सिंह यादव के कुशल नेतृत्व में मंगलवार की देर रात बुढ़ाना पुलिस की बदमाशों से हुई मुठभेड़ में पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में 2 शातिर गौकशों को ग्राम रसूलपुर दभेड़ी के जंगल से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। घायल गिरफ्तार अभियुक्तों को उपचार के लिए सीएचसी बुढ़ाना में भर्ती कराया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 01 स्पलैण्डर बाइक बिना नंबर की, 2 तमंचे, 4 जिन्दा, 2 खोखा कारतूस 315 बोर के, 1 रास गौवंश व गौकशी के उपकरण बरामद किये। दोनों घायल गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के गौकश अपराधी हैं। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने नाम रिजवान पुत्र बाबू निवासी नंगला थाना रतनपुरी व राशिद ऊर्फ शौकत पुत्र जाबिर निवासी ग्राम नंगला थाना रतनपुरी बताए हैं। मुठभेड़ में पुलिस टीम में उमरपुर पुलिस चौकी प्रभारी संजय कुमार यादव, कांस्टेबल तेजेन्द्र धामा, कांस्टेबल कौशल, कां. रविकांत व कांस्टेबल अनीश कुमार मौजूद थे।



एमपी, एमएलए कोर्ट में पेशी पर आए साध्वी प्राची, कपिलदेव अग्रवाल, विक्रम सैनी, सपा नेता हरेन्द्र मलिक व अन्य जनप्रतिनिधि।

## एमपी, एमएलए कोर्ट में पेश हुए जनप्रतिनिधि

➲धारा-144 के उल्लंघन के मामले में अदालत ने जारी किये थे वारंट ➲कचहरी परिसर में रहे कड़े सुरक्षा प्रबन्ध

मुजफ्फरनगर, 27 सितम्बर (बु.)। नंगला मंदौड़ पंचायत में धारा-144 के उल्लंघन के मामले में अदालत द्वारा जारी किये गए वारंट के मामले में आज भाजपा नेत्री साध्वी प्राची, राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल, खतौली विधायक विक्रम सैनी, पूर्व सांसद सपा नेता हरेन्द्र मलिक आदि कई जनप्रतिनिधि एमपी, एमएलए कोर्ट में पेश हुए। गौरतलब है कि जानसठ कोतवाली क्षेत्र के गांव कवाल में तिहरे हत्याकांड के बाद नंगला मंदौड़ के इंटर कॉलेज में शोकसभा करने वाले नेताओं के खिलाफ निषेधाज्ञा का मुकदमा दर्ज किया गया था। केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान, पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक और साध्वी प्राची समेत 21 के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में कोर्ट ने उक्त लोगों के जमानती वारंट जारी कर दिए थे। मंगलवार को राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल, साध्वी प्राची समेत अन्य लोग कोर्ट में पेश हुए। जानसठ कोतवाली क्षेत्र के गांव कवाल में 27 अगस्त को सचिन, गौरव और शाहनवाज की हत्या के बाद जनपद में धारा-144 लागू कर दी गई थी। 31 अगस्त को थाना सिखेड़ा क्षेत्र के नंगला मंदौड़ इंटर कॉलेज में सचिन और गौरव की शोकसभा का आयोजन किया गया था। इसके चलते सिखेड़ा थाने में निषेधाज्ञा उल्लंघन करने पर मौजूदा केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, सपा नेता तथा पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक, भाजपा नेता तथा पूर्व विधायक अशोक कंसल, यशपाल पंवार तथा हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची समेत 21 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में कोर्ट में पेश न होने पर कई नेताओं के वारंट जारी कर दिए गए थे। मंगलवार को राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक, पूर्व विधायक अशोक कंसल तथा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार आदि ने सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी एक में सरेंडर कर दिया। कोर्ट के आदेश पर उन्हें न्यायिक हिरासत में लिया गया, जिसके बाद सभी को जमानत पर रिहा कर दिया गया। उधर, इस मामले में साध्वी प्राची ने काफी समय पहले अपनी जमानत करा ली थी। कोर्ट में तारीख पर न आने के कारण उनके गैर जमानती वारंट जारी कर दिए गए थे।

**शेष : मां दुर्गा की तीसरी शक्ति**

इनका यह स्वरूप परम शान्तिदायक और कल्याणकारी है। इनके मस्तक में घण्टे के आकार का अर्धचन्द्र है, इसी कारण से इन्हें चन्द्रघण्टा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनके दस हाथ हैं। इनके दसों हाथों में खड्ग आदि शस्त्र तथा बाण आदि अस्त्र विभूषित हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिये उद्यत रहने की होती है। इनके घण्टे की सी भयानक चण्डध्वनि से अत्याचारी दानव-दैत्य-राक्षस सदैव प्रकम्पित रहते हैं। नवरात्र की दुर्गा-उपासना में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है। इस दिन साधक का मन 'मणिपूर' चक्र में प्रविष्ट होता है। मां चन्द्रघण्टा की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं। दिव्य सुगन्धियों का अनुभव होता है तथा विविध प्रकार की दिव्य ध्वनियां सुनायी देती हैं। ये क्षण साधक के लिये अत्यन्त सावधान रहने के होते हैं। मां चन्द्रघण्टा की कृपा से साधक के पाप और बाधाएं विनष्ट हो जाती हैं। इनकी आराधना सद्यः फलदायी हैं। इनकी मुद्रा सदैव युद्ध के लिये अभिमुख रहने की होती है, अतः भक्तों के कष्ट का निवारण ये अत्यन्त शीघ्र कर देती हैं। इनका वाहन सिंह है अतः इनका उपासक सिंह की तरह पराक्रमी और निर्भय हो जाता है। इनके घण्टे की ध्वनि सदा अपने भक्तों की प्रेत-बाधादि से रक्षा करती रहती है। इनका ध्यान करते ही शरणागत की रक्षा के लिये इस घण्टे की ध्वनि निनादित हो उठती है। दुष्टों का दमन और विनाश करने में सदैव तत्पर रहने के बाद भी इनका स्वरूप दर्शक और आराधक के लिये अत्यन्त सौम्यता एवं शान्ति से परिपूर्ण रहता है। इनकी आराधना से प्राप्त होने वाला एक बहुत बड़ा सद्गुण यह भी है कि साधक में वीरता-निर्भयता के साथ ही सौम्यता एवं विनम्रता का भी विकास होता है। उसके मुख, नेत्र तथा सम्पूर्ण काया में कान्ति-गुण की वृद्धि होती है। स्वर में दिव्य, अलौकिक, माधुर्य का समावेश हो जाता है। मां चन्द्रघण्टा के भक्त और उपासक जहां भी जाते हैं लोग उन्हें देखकर शान्ति और सुख का अनुभव करते हैं। ऐसे साधक के शरीर से दिव्य प्रकाशयुक्त परमाणुओं का अदृश्य विकिरण होता रहता है। यह दिव्य क्रिया साधारण चक्षुओं से दिखलायी नहीं देती, किन्तु साधक और उसके सम्पर्क में आने वाले लोग इस बात का अनुभव भली-भांति करते रहते हैं। हमें चाहिये कि अपने मन, वचन, कर्म एवं काया को विहित विधि-विधान के अनुसार पूर्णतः परिशुद्ध एवं पवित्र करके मां चन्द्रघण्टा के शरणागत होकर उनकी उपासना- आराधना में तत्पर हों। उनकी उपासना से हम समस्त सांसारिक कष्टों से विमुक्त होकर सहज ही परमपद के अधिकारी बन सकते हैं। हमें निरन्तर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखते हुए साधना की ओर अग्रसर होने का प्रयत्न करना चाहिये। उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिये परम कल्याणकारी और सद्गति को देने वाला है।